इंदौर
मंगलवार
10 नवंबर 2026
वर्ष- 22 • अंक 146

दोपहर दैनिक


सिटी ब्लास्ट

स्कैन करें, ई-पेपर पढ़ें

मूल्य 2 रुपए • पृष्ठ 12

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

epaper.cityblast.in



सोनिया की किताब की लॉन्चिंग आज

नई दिल्ली.एजेंसी। सोनिया गांधी की किताब 'बिलॉन्गिंगः अ जर्नी ऑफ लव' आज लॉन्च हो रही है। हालांकि इसके लिए कोई लॉन्च इवेंट नहीं रखा गया है। यह सीधे मार्केट में मिलने लगेगी। सोनिया ने इस मेमॉयर को निजी किताब बताया है। सोनिया गांधी ने 15 दिन पहले कहा था कि मेरी किताब आने पर कुछ तमाशा जरूर होगा।

पुलिस को देखकर तालाब में कूदे युवक, 3 की मौत

शहडोल.एजेंसी। मध्यप्रदेश के शहडोल में पुलिस वाहन देखकर चार युवक तालाब में कूद गए। इनमें तीन युवकों की डूबने से मौत हो गई, जबकि एक तैरकर बाहर निकल आया।

अजित पवार की मौत में तटकरे की भूमिका?

मुंबई.एजेंसी। शिवसेना नेता रामदास कदम ने महाराष्ट्र में हुए अजित पवार के विमान हादसे को लेकर नया दावा किया है। कदम ने इस हादसे को लेकर एनसीपी सांसद सुनील तटकरे की भूमिका पर संदेह जताया है। कदम ने कहा कि तटकरे डिप्टी सीएम बनना चाहते थे।

दिवाली पर हादसे ही हादसे दर्जनों की मौत

लखनऊ ● एजेंसी

उत्तर प्रदेश में दीपावली के अगले दिन सोमवार को अलग-अलग सड़क हादसों में 25 लोगों की मौत हो गई और 60 अन्य घायल हो गए। ये हादसे मुजफ्फरनगर, चित्रकूट, लखनऊ, कुशीनगर और शाहजहांपुर समेत राज्य के विभिन्न जिलों में हुए। सबसे भीषण हादसा मुजफ्फरनगर में हुआ, जहां हरियाणा के हिसार से हरिद्वार जा रही एक कार डिवाइडर और बिजली के खंभे से टकराने के बाद पलट गई। कार में आग लगने से उसमें सवार छह लोगों की जलकर मौत हो गई।

पटाखों से सैकड़ों लोग झुलसे

मंगलवार.एजेंसी। उत्तराखंड में दिवाली की आतिशबाजी से 290 से ज्यादा लोग झुलस गए। इनमें ज्यादातर लोगों को आंख पर चोट आई। मध्यप्रदेश के ग्वालियर में आतिशबाजी से 22 जगह आग लगी। यहां पटाखों से भरी बस जलकर खाक हो गई। अमृतसर में भीषण आग से कई दुकानें जलकर राख हो गई जिससे करोड़ों का नुकसान हुआ।

इमारत में आग से 14 की मौत

बीजिंग.एजेंसी। चीन के ताइयुआन में एक बहुमंजिला इमारत में भीषण आग लगने से 14 लोगों की मौत हो गई। इस इमारत में कई कोचिंग संस्थान और एक होटल था।

32 करोड़ की शराब पी गए

वाराणसी.एजेंसी। वाराणसी में एक तरफ जहां प्रकाश के पर्व दीपोत्सव की धूम रही। वहीं, दूसरी तरफ शराब बिक्री से जुड़े आंकड़े भी चौंकाने वाले सामने आए हैं। दीपावली के चार दिनों तक 32 करोड़ से अधिक की शराब बिक्री हुई है।

स्टील प्लांट में भीषण विस्फोट, 16 की मौत, 13 घायल

इस्तांबुल.एजेंसी। तुर्किये के इजमिर प्रांत के अलीआगा स्थित हाबास स्टील प्लांट में भीषण विस्फोट के बाद आग लग गई। इस हादसे में 16 लोगों की मौत हो गई, जबकि 13 लोग घायल हुए।



आंध्र के डिप्टी सीएम पवन कल्याण का तीसरी बार तलाक

हैदराबाद ● एजेंसी

तेलुगू 'पावर स्टार' और आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण की 55 साल की उम्र में तीसरी शादी भी टूट गई है। उन्होंने अपनी रूसी पत्नी अन्ना लेझनेवा से शादी के 13 साल बाद अलग होने का फैसला किया है। पवन ने अपनी पिछली दो पत्नियों, नंदिनी और रेणु से शादी को लेकर कहा था कि उन्हें दोनों शादियों में दर्द मिला।

आंध्रप्रदेश में 659 में से 575 सीटों पर एनडीए की जीत

हैदराबाद.एजेंसी। आंध्र प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनाव के नतीजों को लेकर मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि एनडीए गठबंधन की पार्टियों ने स्थानीय निकाय चुनावों में निर्णायक जीत हासिल की है। नायडू ने कहा, 'शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में गठबंधन को 59.9 प्रतिशत वोट मिले, जबकि वायएसआर कांग्रेस को केवल 34.3 प्रतिशत वोट मिले। एनडीए ने 659 मेंसे 575 सीटों पर जीत हासिल की।

कच्चा मकान ढहा, तीन की मौत, 5 घायल

सिंगरौली.एजेंसी। मध्यप्रदेश में सिंगरौली जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के बरहपान गांव के जलहथनी टोला में भोजन के बाद सो रहे परिवार पर कच्चा मकान गिर गया। मलबे में दबने से तीन लोगों की मौत हो गई और 5 लोग घायल हो गए।

चंद्रबाबू नायडू ने कहा– 500 के नोट बंद करो

हैदराबाद.एजेंसी। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने 500 रुपए के नोट बंद करने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि सिर्फ 100 और 200 के नोट चलना चाहिए जिससे भ्रष्टाचार कम होगा।

कोर्ट में मौलाना को पीटा

जयपुर.एजेंसी। जयपुर कोर्ट परिसर में पेशी के लिए पहुंचे एक मौलाना की गुस्साए लोगों ने जमकर पिटाई कर दी। मौलाना पर आरोप है कि उसने मदरसे में पढ़ने आने वाली 18 वर्षीय छात्रा को प्रभावित कर उससे निकाह किया था। बताया जा रहा है कि वह पहले से शादीशुदा और तीन बच्चों का पिता है।

दि. जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन

कीर्ति स्तंभ, रीगल तिराहा, 63, एम. जी. रोड़, इंदौर-1 फोन : 0731-2527486

दिगम्बर जैन समाज की सर्वाधिक क्रियाशील संस्था दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन अपने 33 वर्षों के गौरवशाली इतिहास एवं सामाजिक सक्रियता की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष पुन: आयोजित करने जा रही है

अंतर्राष्ट्रीय जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन

रविवार, 27 दिसम्बर 2026 - स्थान : इंदौर (म.प्र.)

उच्च शिक्षित, प्रोफेशनल, सामान्य शिक्षित युवक-युवतियों हेतु योग्य जीवन साथी के चयन का अनूठा मंच, अधिकांश आवेदन विश्वसनीय माध्यम (सोशल ग्रुप) से प्राप्त साथ ही तलाकशुदा, विधवा-विधुर हेतु विशेष परिशिष्ट ...

www.djsgfshaadi.com
सम्पूर्ण जानकारी हेतु स्केन करें QR CODE

आवेदन शुल्क : 900/-, सचित्र कलर पुस्तिका सहित
फुल पेज: 8000/- हाफ पेज: 4000/- कोरियर चार्ज - 150/- अतिरिक्त

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें हेल्प लाइन नं. 6-2323-2424-6



ट्रम्प बोले- ईरान से जंग लगभग खत्म, लेकिन सेना तैयार

वॉशिंगटन.एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कतर के प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि ईरान के साथ युद्ध लगभग खत्म हो गया, लेकिन हमारी सेना तैयार है। हमने ईरान की लीडरशिप खत्म कर दी। ईरान की ताकत को पूरी तरह कुचल दिया। हम चाहते हैं कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम लंबे समय तक के लिए टल जाए।




(दादा) श्री दिनेश मल्हार
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
निलू ठाकुर
अजय यादव
पुषोत्तम जाजोरिया
सतीष नागर
अश्विन यादव (बिन्कू)
शुभम खरसौदिया
पियुष मीणा
कर्णराज सोलंकी (छल्ला भैया)
सौजन्य से : "संस्था स्वाभिमान" अजय गवलाने मित्र मंडल (पालदा)



शहर कांग्रेस कार्यालय में भी हुआ महालक्ष्मी पूजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन में भी महालक्ष्मी का पूजन किया गया। पूजन के बाद आरती भी की गई। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे, संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल, कोषाध्यक्ष शैलेष गर्ग, देवेन्द्रसिंह यादव, विकास जोशी, जतिन थोरात सहित अन्य मौजूद थे।

दिनेश मल्हार के आयोजन में आज शाम शामिल होंगे पटवारी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के करीबी राऊ विधानसभा से जुड़े दिनेश मल्हार का आज जन्मदिन सुबह से मनाया जा रहा है। समर्थक सुबह से पहुंचकर मल्हार को बधाई दे रहे हैं। दिनेश मल्हार और समर्थकों ने शाम 5 बजे मल्हार गार्डन पालदा में दीपावली मिलन और जन्मदिन आयोजन पर भोज भी आयोजित किया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और शहर कांग्रेस के चिन्टू चौकसे, संजय बाकलीवाल, शैलेष गर्ग सहित अन्य भी शामिल होंगे।



कांग्रेस पार्षद ने दिए सफाई मित्रों को दिवाली उपहार

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधानसभा पांच के वार्ड क्रमांक 52 की कांग्रेस पार्षद सावित्री-सुदामा चौधरी ने अपने वार्ड के सफाई मित्रों कर्मचारियों को दिवाली की मिठाइयां और उपहार स्वरूप भेंट दी गई। सावित्री चौधरी, सुदामा चौधरी, रज्जू पंडित, ताराचंद कथनावत सहित अन्य मौजूद थे।



विधायक हार्डिया के घर पहुंचे भाजपाई

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधायक महेन्द्र हार्डिया के नवलखा निवास पर बड़ी संख्या में भाजपाई दीपावली मिलन में पहुंचे। हार्डिया ने आने वाले भाजपाई, रहवासियों को मिठाई खिलाई। राजेश उदावत, नंदू पहाड़िया, महेश बसवाल, मलखान कटारिया, भगवती उपाध्याय, जसराज शर्मा, नरेश पुरोहित, अतुल राजपूत, दुर्गेश मिंजवा, अमृत कजोड़िया, दिनेश रोकड़े सहित अन्य मौजूद थे।

सांची दूध के उत्पाद की जांच जिला प्रशासन ने क्यों नहीं की -कांग्रेस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता और अभिभाषक प्रमोद द्विवेदी ने आरोप लगाया कि दिवाली जैसे महापर्व पर सांची दूध के पेड़े में फफूंद का मामला सामने आया और शिकायत को भी प्रशासन ने नजर अंदाज किया। द्विवेदी ने कहा कि सांची दुग्ध संघ से संबंधित उत्पाद की जांच जिला प्रशासन ने क्यों नहीं की। त्योहार के समय फफूंद लगे हुए पेड़े की मिठाई बाहर कैसे आई, जब यह समाचार बाहर आया तो सांची ने पेड़े से संबंधित उत्पाद वापस मंगवाए। उल्लेखनीय है कि कई तरह के दूध और मिठाई उत्पाद का काम सांची दुग्ध संघ कर रहा है और किसी भी वितरक के यहां से प्रशासन ने सांची दुग्ध संघ के सैम्पल नहीं लिए हैं, आखिर इसके पीछे प्रशासन के खाद्य विभाग की मंशा क्या रही। इस मामले में द्विवेदी ने कहा कि त्यौहार के समय सांची के पेड़ो में फफूंद लगी हुई कैसे आई और सैकड़ों किलो पेड़े फफूंद लगे इंदौर और आसपास आए। इंदौर में वापस मंगाए पेडों के बाद दुग्ध संघ ने शिकायत के बाद स्पष्टीकरण दिया कि भोपाल से मंगाए थे। व्दिवेदी ने सवाल उठाया कि फिर क्या भोपाल में इस तरह फफूंद लगे पेड़े बेचे गए, इंदौर के अधिकारियों ने ध्यान क्यों नहीं दिया। अब उच्च न्यायालय में आदेश अवहेलना पर इंदौर जिला प्रशासन के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की जायेगी। गौरतलब रहें कि याचिकाकर्ता भी अभिभाषक प्रमोद कुमार व्दिवेदी थे और उनके वकील मनीष यादव अपनी भूमिका निभाएंगे।



भाजपा नेता वालिया ने बच्चों को किया खुश

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। संस्था मातृभूमि के बैनरतले भाजपा नेता सुरजीतसिंह वालिया ने अलग-अलग बस्तियों में पहुंचकर 500 से अधिक बच्चों को दीपावली पर कपड़े, पटाखे, मिठाई देकर सार्थक दिवाली मनाई। सुरजीतसिंह वालिया, चंदू कुंजीर, पृथ्वी गोरे, छोटू मौर्य सहित अन्य मौजूद थे।

भाजपा कार्यालय में हुई माँ लक्ष्मी से गुहार

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा कार्यालय में नगर भाजपा अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने भाजपाई, जनप्रतिनिधि, पदाधिकारियों की मौजूदगी में दीपावली लक्ष्मी पूजन का आयोजन किया। संगीत की धुन पर भाजपाई थिरके भी। मंत्रोच्चार के साथ पूजन भी किया गया। कन्याओं का पाद-पूजन भी हुआ। वहीं जिला भाजपा ने भी लक्ष्मीजी का पूजन और आरती के बाद आतिशबाजी कर दीपोत्सव मनाया।

भाजपा व्यापारिक प्रकोष्ठ में देगी टोंग्या को मौका

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा व्यापारिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक धीरज खंडेलवाल ने जिला संयोजक की नियुक्ति तो कर दी थी, शहर में नियुक्ति होना बाकी है। कई दावेदार दौड़ में हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अब भाजपा व्यापारिक प्रकोष्ठ नगर में जैन समाज से जुड़े प्रिंतपाल टोंग्या को मौका दिया जा सकता है, जो किराना व्यवसाय सियागंज से जुड़े हुए हैं।

कांग्रेस नेता ने निगम चुनाव के पहले किया मिठाई का वितरण



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कांग्रेस नेता आशीष यादव ने आगामी निगम चुनाव के मद्देनजर वार्ड 11 के भागीरथपुरा क्षेत्र की कांग्रेस की ओर से दावेदारी करते हुए दीपावली अवसर पर इस वार्ड के अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंचकर मिठाई के डब्बों का वितरण किया। रहवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं भी दी और अपना राजनीतिक मुखड़ा आगे किया।



भाजपाई पहुंचे गौशाला

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपालसिंह चावड़ा, विशाल पाठक, रजनीश वर्मा, जितेन्द्र आंजना, ओमप्रकाश मंडलोई, प्रेमसिं ह आंजना, दिनेश यादव, गोकुलसिंह राठौर, लाखनसिंह पटेल, कपिल खिल्लारी, संदीप चौहान गौसेवा के लिए देवी अहिल्या गौशाला पहुंचे। गायों का पूजन कर गौ पेटपूजा भी कराई।

संस्था मातोश्री ने जरूरतमंद बच्चों के साथ मनाई दीपावली

सैकड़ों बच्चों को बांटे पटाखे एवं मिठाइयां

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

संस्था मातोश्री व शिवसेना के संयुक्त तत्वावधान में समाजसेवियों द्वारा अहीर खेड़ी बस्ती में जरूरतमंद बच्चों के बीच दीपावली का त्योहार मनाया गया। सैकड़ों बालक-बालिकाओं को पटाखे एवं मिठाइयों का वितरण किया गया।

संस्था मातोश्री के संस्थापक एवं शिवसेना युवा सेना इंदौर के धनराज दामके ने बताया कि संस्था का उद्देश्य हर वर्ष दीपावली के अवसर पर जरूरतमंद परिवारों एवं बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाना और उनके साथ खुशियां बांटना है। इसी सेवा भावना के साथ इस वर्ष भी अहीर खेड़ी बस्ती के बच्चों को पटाखे एवं मिठाइयां वितरित कर उनके साथ दीपावली की खुशियां साझा की गईं। सभी बच्चे खुश हुए। धनराज दामके, हर्ष चौधरी, डॉ. इन्दर चावड़ा, कुणाल जाधव, उमेश नायक, कमलेश ग्रेवाल, मुन्नालाल चौहान, प्रवीण गुरु एवं मास्टर मनोज परमार सहित अन्य मौजूद रहे।



राजनीतिक खबरें देखें पेज 5 पर भी

निगम का घोटाला रोकने के लिए ई-फाइलिंग सिस्टम लागू

आयुक्त बोले, आयुक्त कार्यालय में भी लागू किया जाए ई-फाइलिंग सिस्टम, जहां मैन्युअल फाइल नहीं होती स्वीकार

इंदौर। नगर निगम में मैन्युअल फाइलों के जरिए हुए घोटालों ने कागजी व्यवस्था की खामियां उजागर की हैं। कभी फाइलें गायब हुईं तो कभी फाइलों से जरूरी दस्तावेज गायब कर दिए गए। नकली फाइलें तैयार करने से लेकर फाइलों पर हस्ताक्षर कर फर्जी बिलों के जरिए भुगतान कराने जैसे मामले भी सामने आ चुके हैं। इन गड़बड़ियों के बीच निगम का राजस्व विभाग ऐसी व्यवस्था पर काम कर रहा है, जिसमें फाइल गायब करना, दस्तावेज बदलना या कार्रवाई को लंबे समय तक दबाकर रखना आसान नहीं होगा। यहां अब पूरी तरह ई-फाइलिंग सिस्टम लागू कर दिया गया है।

निगम का राजस्व विभाग फिलहाल ऐसा पहला विभाग है, जहां फाइलों का पूरा संचालन ऑनलाइन हो रहा है। अपर आयुक्त राजस्व आकाश सिंह भी इसी व्यवस्था के माध्यम से कामकाज संचालित कर रहे हैं। अब फाइलें एक अधिकारी से दूसरे अधिकारी तक कागजों में नहीं पहुंचतीं। रिसीविंग, डिस्पैच और फाइलों की निगरानी का काम भी ऑनलाइन हो रहा है।

तीन दिन में कार्रवाई नहीं तो फाइल वापस

ई-फाइलिंग की सबसे खास बात इसकी समयबद्ध व्यवस्था है। किसी अधिकारी को भेजी गई फाइल तीन दिन तक उसके पास रहती है। इस अवधि में कार्रवाई नहीं होने पर फाइल वापस लौट जाती है। इससे अधिकारी के पास फाइल लंबित रहने की स्थिति ऑनलाइन सामने आ जाती है। किस अधिकारी के पास कितने समय से फाइल है, यह भी आसानी से देखा जा सकता है।

न फाइल गायब होगी, न दस्तावेज बदलने की गुंजाइश

मैन्युअल व्यवस्था में फाइल गुम होने, उसमें से दस्तावेज निकालने, नए दस्तावेज जोड़ने या दूसरी फाइल तैयार करने की आशंका बनी रहती है। डिजिटल व्यवस्था में फाइल का रिकॉर्ड ऑनलाइन सुरक्षित रहता है। उस पर किस अधिकारी ने कब क्या कार्रवाई की, इसका विवरण भी उपलब्ध रहता है। इससे गड़बड़ी की आशंका कम करने के साथ जिम्मेदारी तय करना आसान होता है।

आयुक्त कार्यालय में भी अब तक कागजी फाइलें

राजस्व विभाग में पूरी तरह डिजिटल व्यवस्था लागू होने के बावजूद निगम के दूसरे विभाग अब भी मैन्युअल सिस्टम पर निर्भर हैं। यहां तक कि आयुक्त कार्यालय में भी रोजाना बड़ी संख्या में कागजी फाइलें पहुंचती हैं। ऐसे में सवाल है कि जब एक विभाग में ई-फाइलिंग लागू हो सकती है तो

बाकी विभागों में इसे क्यों नहीं अपनाया जा रहा?

ई-फाइलिंग का फायदा केवल घोटालों और गड़बड़ियों पर अंकुश लगाने तक सीमित नहीं है। इससे आम नागरिकों के आवेदन, नामांतरण, कर संबंधी मामलों और अन्य निगम सेवाओं की फाइलों का निपटारा भी तेजी से हो सकता है। अब जरूरत है कि निगम प्रशासन इस व्यवस्था को सभी विभागों में लागू करे, ताकि फाइलों के नाम पर होने वाली देरी और गड़बड़ियों की गुंजाइश कम हो सके।

हाईकोर्ट की यातायात समिति के साथ आज प्रशासन की बैठक

शहर में यातायात सुधारने पर होगा विचार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

इंदौर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय इंदौर के द्वारा इंदौर शहर के यातायात में सुधार के लिए गठित की गई कमेटी के साथ आज प्रशासन की बैठक होगी। इस बैठक में शहर में यातायात की व्यवस्था को सुधारने के लिए उठाए जाने वाले कदमों के बारे में विचार किया जाएगा।

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर काम करने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया था। इस कमेटी में वरिष्ठ अभिभाषकों को लिया गया था। इस कमेटी की पहली बैठक पिछले दिनों आयोजित की गई थी। इस पहली बैठक में कमेटी के द्वारा शहर के बाहरी क्षेत्र खास तौर पर रिंग रोड के क्षेत्र के चार चौराहों पर व्यवस्था में सुधार लाने के लिए अपने सुझाव दिए गए थे। इन सुझाव के आधार पर प्रशासन के द्वारा इन चार चौराहा पर व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

इस कमेटी की दूसरी बैठक आज दोपहर में 1:00 बजे रेसीडेंसी कोठी में आयोजित की गई है। इस बैठक में जिला प्रशासन, इंदौर नगर निगम, यातायात पुलिस के अधिकारी शामिल होंगे। इस बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा स्वयं भी भाग लेंगे। इसके साथ ही बैठक में शहर के मध्य क्षेत्र में यातायात की बिगड़ी हुई स्थिति के बारे में विचार किया जाएगा। इस क्षेत्र में यातायात में सुधार के लिए क्या किया जा सकता है इस बारे में विचार करते हुए फैसला लिया जाएगा। बैठक में परिवहन विभाग के अधिकारी भी शामिल होंगे। इस बैठक में नगर निगम के द्वारा वर्तमान में यात्रा सुधार के लिए किया जा रहे कामों का ब्यौरा भी प्रस्तुत किए जाएंगे।

रोड साइड पार्किंग की देंगे जानकारी

इस बैठक में नगर निगम की ओर से इस कमेटी को यह जानकारी दी जाएगी कि निगम के द्वारा शहर में चिह्नित की गई सड़कों पर रोड साइड पार्किंग व्यवस्थित तरीके से करने की पहल की गई है। अभी शहर की तीन सड़कों पर यह प्रयोग किया जा रहा है। आने वाले समय में शहर की 24 सड़कों पर यह प्रयोग किया जाना है। इसके साथ ही इस प्रयोग को सशुल्क भी किया जाएगा।

कल दिन भर चलते रहे मिलन के आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। क़ल दीपावली के दूसरे दिन मिलन के आयोजन चलते रहे। निकट के लोग एक-दूसरे के घरों पर पहुंचकर दीपावली की शुभकामना देते रहे। घरों पर आए मेहमानों का वेलकम किया गया। मिठाई और नमकीन भी खिलाई गई। यह क्रम कल सुबह से शुरू हुआ था जो देर रात तक जारी रहा। घरों में बहन-बेटियां, जमाई, ब्याई सगा भी पहुंचे थे। मिलन का दौर अभी कुछ दिन और चलेगा।

अवतरण दिवस पर सेवाकार्य



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा नेता रघु यादव का जन्मदिन भंडारा वाला मंदिर मालवा मिल पर सादगी से मनाया और सेवाकार्य किए गए। विधायक महेन्द्र हार्डिया, निखिल सोनी, अनूप शुक्ला, पप्पी शर्मा, नन्दकिशोर पहाड़िया, मुकेशसिंह राजावत, दीपक जैन टीनू, मनीष चोरट, दिपेश यादव, राहुल ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

स्वच्छता का पुरस्कार लेने इंदौर का दल आज रवाना होगा

देपालपुर में किए गए काम से इंदौर को मिलेगा नाम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

भारत सरकार के द्वारा किए गए स्वच्छता सर्वेक्षण के पुरस्कार वितरण समारोह में भाग लेने के लिए इंदौर का दल आज रवाना होगा। इंदौर नगर निगम के द्वारा देपालपुर में किए गए काम से निगम को नाम मिलेगा।

सुपर स्वच्छ लीग में भारत सरकार से पुरस्कार प्राप्त करने के लिए नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, अपर आयुक्त स्वच्छ भारत मिशन प्रखर सिंह सहित 21 सदस्यीय दिल्ली रवाना होगी। कल 11 नवंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा इंदौर को सम्मानित किया जाएगा। स्वच्छ सर्वेक्षण लीग में इस बार देश के 72 शहरों के बीच कोई प्रतिस्पर्धा नहीं होगी। इन्हें जोड़ीदार शहर को सुधारने का जिम्मा दिया गया था।

भारत सरकार के द्वारा हर साल स्वच्छता सर्वेक्षण के नियमों में परिवर्तन किया जाता है। इसके तहत अब तक स्वच्छता के क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता को साबित कर चुके शहरों को सुपर लीग में ले लिया गया है। इन शहरों को स्वच्छ शहर की प्रतिस्पर्धा की दौड़ से बाहर कर दिया गया है। इस साल एक नया प्रयोग करते हुए इन सभी शहरों को दूसरे छोटे-छोटे शहर गोद लेकर स्वच्छ बनाने की जिम्मेदारी भारत सरकार के द्वारा दी गई। स्वच्छता की राजधानी के रूप में पहचाने जाने वाले इंदौर को समीप नगर देपालपुर को स्वच्छ बनाने की जिम्मेदारी दी गई। इंदौर के द्वारा देपालपुर में जो काम किया गया उसका स्वच्छता सर्वेक्षण में भारत सरकार की टीम के द्वारा आकलन किया गया और देपालपुर को स्वच्छता की श्रेणी में पुरस्कार के लिए चुना गया है देपालपुर में किए गए काम के कारण इंदौर को भी नाम मिलेगा और साथ में पुरस्कार भी मिलेगा।

भोपाल हो गया बाहर

इस बार के स्वच्छता सर्वेक्षण के कल आने वाले परिणाम में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन यह हुआ है कि मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल पुरस्कार की दौड़ से बाहर हो गया है। कई सालों तक देश के स्वच्छ शहर की इस स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रहने वाला भोपाल इस बार कुछ भी हासिल नहीं कर पाया है। अब तक भोपाल को भारत सरकार की ओर से पुरस्कार वितरण समारोह में आने का निमंत्रण भी नहीं मिला है। हालात कितने खराब थे इसका अंदाजा तो इसी बात से लगाया जा सकता है कि स्वच्छता के सर्वेक्षण के दौरान टीम के द्वारा दो बार हर शहर का दौरा किया गया लेकिन भोपाल का दौरा करने के लिए टीम केवल एक बार गई और दूसरी बार पहुंची ही नहीं।

बाजारों में मुहूर्त आज सराफा में मिलन समारोह

गुरुवार को खुलेगा होलसेल कपड़ा बाजार

इंदौर. सिटी ब्लास्ट। 8 नवंबर को शहरभर में दीपावली पर्व मनाया गया। मध्यक्षेत्र के बाजारों में आज मुहूर्त के सौदे हो रहे हैं। बर्तन बाजार, बजाजखाना चौक और सराफा में आज से दुकानें खुल रही हैं। सराफा व्यापारियों का दीपावली मिलन समारोह भी शुरू हुआ।

सोना-चांदी जवाहरात व्यापारी एसोसिएशन द्वारा छत्रीबाग स्थित धर्मशाला में मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। सुबह व्यापारियों ने आयोजन में पहुंचकर एक-दूसरे को बधाई दी और मुहूर्त के सौदे भी सराफा बाजार में किए। इसके अलावा बर्तन बाजार में भी आज सुबह मुहूर्त के सौदे हुए। होलसेल कपड़ा बाजार एमटी क्लाथ मार्केट में गुरुवार को मुहूर्त होगा। वहीं रविवार को दीपावली मिलन समारोह का आयोजन बड़े स्तर पर किया जाएगा।

कुछ जगह आज तो ज्यादातर जगह कल भाईदूज

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। तिथियों की घट-बढ़ के चलते भाईदूज में विद्वानों ने एक दिन का अंतर एकम और दूज में बताया। आज दोपहर से दूज लग गई है इसलिए कुछ लोग आज दोपहर तो कुछ आज शाम भाईदूज के आयोजन कर रहे है। जिस तरह पण्डितों ने तिथि में घट-बढ़ के चलते भाईदूज बुधवार को बताई है इसलिए ज्यादातर लोग कल भाईदूज मनाएंगे। भाईदूज का क्रम भी आने वाले दिनों तक चलता रहेगा। बहन अपने भाइयों को भोजन कराएगी और तिलक भी करेगी। भाई बहन की खुशी जीवन की कामना करेंगे, सुरक्षा का संकल्प भी लेंगे।

भाजपा नेताओं ने किया दीपावली मिलन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारियों, पूर्व जनप्रतिनिधि सहित अन्य ने कल दीपावली मिलन का आयोजन अपने-अपने क्षेत्र में किया। सोशल मीडिया और स्थानीय मंडल व वार्ड पदाधिकारियों के माध्यम से जनप्रतिनिधियों ने भीड़ जुटाई। मिलन के आयोजन में भाजपा नेताओं ने आने वालों की पेटपूजा भी कराई।



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधायक राकेश शुक्ला के मरीमाता चौराहा स्थित कार्यालय पर दिवाली मिलन के आयोजन में विधानसभा 3 के भाजपा पार्षद, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे। एक-दूसरे को मिठाई खिलाई।



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक एक में पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता के ऑफिस के बाहर राज मोहल्ला चौराहे पर दिवाली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पार्टी के पार्षद, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सांसद शंकर लालवानी के बंगले पर दिवाली मिलन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पार्टी क्षेत्र के कार्यकर्ता, पार्टी के पार्षद, पदाधिकारी, एवं कार्यकर्ता, समाजजन मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



पटेल ने किया प्रगति विहार पर आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। देपालपुर विधानसभा के पूर्व विधायक विशाल पटेल के बंगले प्रगति विहार पर दिवाली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। स्नेह भोज का आयोजन भी हुआ।



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधानसभा 4 की विधायक मालिनी गौड़ और एकलव्यसिंह गौड़ ने लोधीपुरा निवास पर दिवाली मिलन का आयोजन किया। यहां भी आने वालों के लिए पेटपूजा का आयोजन किया गया था।



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा नेता मोहन सेंगर के निवास कारसदेव नगर पर भी दिवाली मिलन का आयोजन हुआ। कई भाजपा नेता, कार्यकर्ता मौजूद रहे।



रणदिवे के यहां बड़े नेता भी पहुंचे

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। भाजपा के प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे के निवास पर दिवाली मिलन समारोह का आयोजन हुआ है यहां बड़ी संख्या में भाजपा के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहुंचे। रणदिवे के बढ़े हुए पद और ताकत के मामले में भीड़ ज्यादा नजर आई। कई वरिष्ठ नेता भी रणदिवे के आयोजन में पहुंचे थे।



कांग्रेस अध्यक्ष के घर पर भी मिलन के लिए रहा जमावड़ा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे के निवास पर दिवाली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पार्टी के कार्यकर्ता, पार्टी के पार्षद, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पहुंचे। खासतौर से विधानसभा 2 के ज्यादा पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहुंचे थे। यहां आए कांग्रेसी और रहवासियों के लिए चिन्टू चौकसे ने नाश्ता का आयोजन रखा था।

गौतमपुरा के हिंगोट युद्ध में कई घायल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।


दीपावली के दूसरे दिन देपालपुर तहसील के गौतमपुरा में परम्परागत हिंगोट युद्ध होता है। तुर्रा और कलंगी दल भगवान देवनारायण के दर्शन के बाद मैदान में आमने-सामने होते हैं और एक-दूसरे पर हिंगोट फेंके जाते हैं। यह दोनों दल पारम्परिक वेशभूषा में सज्जित होकर हिंगोट अपने झोलों में भरकर उतरते हैं। इस परम्परागत युद्ध में 25 से अधिक योद्धा घायल हुए हैं, जिनमें दो को ज्यादा चोटें आई है, घायलों को इंदौर भी भेजा गया है। सुरक्षा व्यवस्था में 200 से अधिक पुलिसकर्मी लगे थे। कई राजनेता भी इस आयोजन में पहुंचे थे। दोनों ही दलों ने पहले देवनारायण मंदिर में भगवान के दर्शन किए और फिर दोनों टीम तुर्रा और कलंगी अग्नि शस्त्रों से सज्जित होकर मैदान में हिंगोट के साथ उतरे। झोलों में हिंगोट थे और एक हाथ में जलती हुई अगरबत्ती थी, जिससे हिंगोट जलाकर विरोधी टीम पर फेंके जा रहे थे। कल शाम से शुरू हुआ यह युद्ध अंधेरे में भी हिंगोट सन्नाते हुए दिखाई दे रहे थे। दर्शकों की सुरक्षा के लिए 12 फीट ऊंची जाली मैदान में लगई गई थी, जिससे हिंगोट दर्शकों पर नहीं गिरे। इस हिंगोट युद्ध के लिए कई दिनों से तैयारियां की गई थी। हिंगोट फल में से गुदा निकालकर उसमें बारुद, कंकड़ और पोटास भरा गया था, जो हिंगोट बम का रूप लेता है, जिसे कल जला-जलाकर फेंका गया। घायलों की सही संख्या सामने नहीं आई है, कुछ लोग 40 तक भी घायल बता रहे हैं, कुछ लोगों को ज्यादा चोटे भी आई हैं, लेकिन ऐसी कोई गंभीर स्थिति नहीं है।







भगवान महावीर को चढ़ाए निर्वाण लाडू


नसिया


गोराकुंड


राजेंद्र नगर


जबरी बाग


गुमाश्ता नगर


मल्हारगंज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

दीपावली पर भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण दिवस पर दिगम्बर जैन समाजजनों ने अलग-अलग मंदिर में निर्वाण लाडू अर्पण किए। महिला-पुरुष मौजूद रहे। बडा गणपति नसिया पर हुए आयोजन में जयदीप जैन, मनोज काला, सुनील गोधा, प्रिंसपाल टोंग्या सहित अन्य मौजूद थे। वहीं श्री दिगम्बर जैन लश्करी मन्दिर गौराकुंड से जुडे वीरेन्द्र बड़जात्या ने बताया कि मंदिर में अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन के पश्चात निर्वाण लाढू चढ़ाया गया। बडी संख्या में जैन समाजजन मौजूद रहे। वहीं चंद्राप्रभु मंदिर मल्हारगंज में एवं बीसपंथी मंदिर मल्हारगंज में, रामाशाह जैन मंदिर में भी भगवान को निर्वाण लाडू अर्पण किए गए। श्री 1008 महावीर स्वामी जिनालय गुमास्ता नगर में निर्वाण अर्पण किए गए। वहीं श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर राजेंद्र नगर में भी भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण महोत्सव में अभिषेक, पूजन, के बाद निर्वाण लाडू चढाए गए। श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, जबरी बाग नसिया में भी भगवान को निर्वाण लाडू चढ़ाए गए। बडी संख्या में महिला-पुरुष धार्मिक आयोजन में मौजूद रहे।


गोयल नगर

वहीं गोयल नगर जिनालय पर भी अभिषेक, पूजन, शांतिधारा, निर्वाण लाड़ आयोजन किया गया। जैनेश झांझरी ने उक्त जानकारी।

समता संघ ने किया रात्रि जागरण

महावीर स्वामी का स्तुति गान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। अरिहंत जैन आराधना भवन विंध्याचल नगर स्थानक भवन में साधुमार्गी जैन समता संघ एवं वर्धमान श्रावक संघ विंध्याचल नगर तत्वावधान में चल रहे चातुर्मास महोत्सव के अन्तर्गत श्रीनिर्वाण मुनि म.सा. के प्रवचन हुए। संस्था द्वारा साधकों की अगवानी की गई। वीर निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में आज मध्यरात्रि 3 बजे से पुच्छिसुन्नम स्तुति गान का प्रारंभ हुआ जो सुबह 6 बजे तक चला। इसके पश्चात सुबह से धर्मसभा में उत्तराध्ययन सूत्र के वाचन का क्रम प्रारंभ हुआ। पुच्छिसुन्नम स्तुति में भगवान महावीर स्वामी को 29 उपमाएं दी गई हैं। उत्तराध्ययन सूत्र के 32 अध्याय का वाचन सुबह से प्रारंभ हुआ। मुकुट मांगलिक भवन और समता भवन पर भी संतों के प्रवचन जारी है।

सांवरिया मुरलीधर के साथ रंगोली में राधा भी उकेरी



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। दीपावली महापर्व के दौरान जगह-जगह महिलाओं और युवतियों ने अलग-अलग कलर से कई समय तक मशक्कत कर रंगोली का निर्माण किया। प्राची मंगल ने बताया कि रंगोली में भगवान कृष्ण से सम्बंधित थीम रखी गई थी। सावरिया मुरलीधर संग राधा पर आधारित रंगोली प्राची मंगल ने कई घंटों की मशक्कत के बाद निर्माण कर बनाई जिसे लोगों ने सराहा।



श्रीनाथजी का चित्र कलर से बनाया

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। लोधीपुरा गली नंबर 2 में विपाशा राय और अर्चना राय ने भी भगवान श्रीनाथजी की आकृति रंगो के कलर से रंगोली के माध्यम से उकेरी।



माहेश्वरी समाजजनों ने किया दीपावली मिलन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। माहेश्वरी समाजजनों के लिए कल मिलन का आयोजन किया गया था। माहेश्वरी समाज अध्यक्ष ईश्वर बाहेती ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथि सिविल जज भामिनी राठी, रामेश्वरलाल बिन्नानी, अभिषेक झंवर का सम्मान भी किया गया। माहेश्वरी महासभा के संयुक्त मंत्री भरत तोलला ने महासभा की जानकार भी दी। बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।



लक्ष्मी माँ के स्वागत के लिए कलर फुल रंगोली

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। दीपावली के पांच दिवसीय पर्व पर रंगोली का निर्माण किया जा रहा है, माँ लक्ष्मी के स्वागत के लिए रंगोली का निर्माण स्वस्ति कटारिया ने किया।



खुशियों का पखवाड़ा जारी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप इंदौर कोहिनूर द्वारा दीपावली के अवसर पर मानव सेवा की भावना के साथ नमो नवकार सेवा संस्था में लगभग 35 से 40 नन्हे बच्चों को खिलौने एवं उनके दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री प्रदान की गई। साथ ही बच्चों के लिए मिठाई एवं भोजन की व्यवस्था भी कोहिनूर ग्रुप द्वारा की गई। यह सेवा कार्य 1 नवम्बर से शुरू हुआ था जो 15 नवम्बर तक चलेगा।



पालदा अग्रबंधुओं ने लगाए श्रीनाथजी को छप्पन भोग

गाय-बछड़ा का पूजन भी किया

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। अग्रवाल समाज हाईवे क्षेत्र पालदा द्वारा वरुण विक्ट्री परिसर में गोवर्धन पूजा का आयोजन किया। वहीं देश की सबसे छोटे कद वाली कपिला-पुंगनूर नस्ल की कृष्णा एवं सुरभि नामक गाय-बछड़े का पूजन भी किया गया। बडी संख्या में अग्रवाल समाजजनों की मौजूदगी में गोवर्धन पूजा और गाय बछडे का पूजन किया गया। उक्त जानकारी अरविन्द बागडी ने दी।

धर्मगुरु के दीदार के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे बोहरा समाजजन

उद्बोधन में इंदौर का भी जिक्र किया, कल के बाद आज भी प्रवास जारी





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

दाऊदी बोहरा समुदाय के धर्मगुरु सैयदना डॉ. मुफ़द्दल सैफुद्दीन कल इंदौर विमानतल पर पहुंचे तो उनकी अगवानी की गई। सुपर कारिडोर के समीप आईडीए ग्राउंड पर बड़ा डोम बनाया गया था। डोम के अलावा भी बोहरा समाजजन बाहर भी खडे नजर आए। बड़ी संख्या में बोहरा समाजजन अपने धर्मगुरु के दीदार के लिए पहुंचे। धर्मगुरु का जैसे ही आगमन हुआ वैसे ही बोहरा समाजजनों ने मौला-मौला की गूंज गुंजाई। धर्मगुरु ने संक्षिप्त उद्बोधन दिया, जिसे पूरी तरह शांति के साथ बोहरा समाजजनों ने सुना। बड़ी संख्या में बोहरा समाजजनों की मौजूदगी के बावजूद धर्मगुरु के उद्बोधन के दौरान पूरी तरह चुप्पी थी। उद्बोधन के दौरान पूर्व धर्मगुरु और उनके पिता का इंदौर से लगाव का जिक्र भी किया। इंदौर के अलावा इंदौर-उज्जैन संभाग और कई जिलों के अलावा बाहर से भी बोहरा समाजजन आए थे। धर्मगुरु 7 दिनों तक इंदौर के आसपास शहरों में पहुंचेंगे। कल देपालपुर और उज्जैन का भी उन्होंने भ्रमण किया और उज्जैन में रात्रि विश्राम भी किया। आज धर्मगुरु तराना, आगर, नलखेड़ा, सुसनेर, बड़ोद, गौतमपुरा में समाजजनों को दीदार लाभ दे रहे हैं। एक दिन के लिए महाराष्ट्र के जलगांव में भी धर्मगुरु पहुंचेंगे। 7 जिलों के 19 शहरों में प्रवास करेंगे। बोहरा समाज में धर्मगुरु के आगमन को लेकर विशेष उत्साह धार्मिक रूप से बना हुआ है। धर्मगुरु ने अपने उद्बोधन में कहा कि अभी तक मैं विमानतल और समीप में ही आया हूं, इंदौर शहर के अन्दर नहीं आया हूं और अब मैं शहर के अन्दर इत्मीनान से आकर रहूंगा। बोहरा समाज के मीडिया प्रभारी मजहर हुसैन सेठजीवाला, जौहर मानपुरवाला ने उक्त जानकारी दी।



मंदिर में गोवर्धन पूजा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री श्रीविद्याधाम मंदिर पर गोवर्धन पूजन का आयोजन कल गौशाला में किया गया। गायों का श्रृंगार भी किया गया। 17 नवम्बर को आश्रम परिसर स्थित गौशाला पर गौवंश के लिए अन्नकूट महोत्सव का विशेष आयोजन होगा



सामूहिक गोवर्धन पूजा की गई

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।छावनी स्थित श्री जगन्नाथ नारायण धर्मशाला में श्री मुरली मनोहर पंचायती न्यास द्वारा सामूहिक गोवर्धन पूजा का आयोजन कराया। मातृशक्तियों और कुछ पुरुषों ने भी दर्शन, पूजन एवं परिक्रमा का लाभ लिया।



आनंदवन में दीपावली मिलन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आनंदवन 2 सोसाइटी में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। रहवासियों ने इस मिलन में दिलचस्पी दिखाई। महिला-पुरुष आयोजन में कृष्णकांत अरोडा, आशा खंडेलवाल ,लावण्या यादव, आभा अरोरा, डॉ. श्रुति सिंह, तृप्ति, संगीता खंडेलवाल, ज्योति पोरवाल सहित अन्य मौजूद थे।

दीपावली के बाद गीतों की प्रस्तुति

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। चंद्रावत बंधु मेलोडियस म्यूजिकल ग्रुप, द्वारा दीपावली मिलन और गीतों की प्रस्तुति का आयोजन 14 नवंबर को शाम 6 बजे से थीम 'मेरा चांद मुझे आया है नजर' पर किया जाएगा। संजय चंद्रावत, राजेश चंद्रावत, दीपक मल्होत्रा, राजेश पिपलोदिया, कौसर खान, नरेश बिरथरे, डॉ. बृजबाला तिवारी, सुनील तिवारी अपनी भूमिका निभाएंगे।

गीता भवन में पूजन और अन्नकूट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



गीता भवन मंदिर में दीपावली पर महालक्ष्मी पूजन, हवन एवं अन्नकूट का अनुष्ठान लक्ष्मी मंदिर में किया गया। कल सोमवार शाम को रामस्नेही संत स्वामी रामदयाल महाराज के सानिध्य एवं मप्र उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति श्री विनय सराफ के मुख्य आतिथ्य में श्रीराम दरबार मंदिर में 56 भोग समर्पण के बाद महाआरती की गई। प्रसादी का वितरण भी हुआ। राम ऐरन, रामविलास राठी, दिनेश मित्तल, टीकमचंद गर्ग, राजेश गर्ग केटी, पवन सिंघानिया सहित अन्य मौजूद थे। आज सुबह से सत्संग भी शुरू हुए, शाम को भी प्रवचन जारी रहेंगे।

महालक्ष्मी मंदिर सिलावटपुरा में भी हुआ आयोजन





इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। दीपावली के दिन सभी महालक्ष्मी मंदिरों में महापूजन और महाआरती का आयोजन किया गया। लक्ष्मी माता का विशेष श्रृंगार भी किया गया था। भक्तों की कतार भी दर्शन के लिए सभी मंदिरों में दिखाई दी। सिलावटपुरा स्थित महालक्ष्मी मंदिर में हुए आयोजन से भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष कैलाश शर्मा, पूर्व पार्षद देवेन्द्रसिंह रावत सहित अन्य जुड़े रहे।

पीडब्ल्यूडी धरमपुरी में करेगा नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण

ढाई करोड़ लागत से ग्रामीणों को जी प्लस वन केंद्र की मिलेगी सौगात

इंदौर। लोकनिर्माण विभाग इंदौर से जुड़ा पीआईयू द्वारा सांवेर विधानसभा के अंतर्गत धरमपुरी क्षेत्र के लोगों के लिए दीपावली बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का नव निर्माण कार्य शुरू करने की तैयारी है। जिसके लिए विभाग द्वारा टेंडर संबंधित प्रोसेस के तहत ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। बताते है मंत्री तुलसीराम सिलावट की विधानसभा सांवेर क्षेत्र में लोगों की सुविधा के लिए प्राथमिक उपचार के लिए 6 बिस्तर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का नवनिर्माण कार्य बेहद जल्द शुरू किया जाएगा। जिस पर लोक निर्माण विभाग से जुड़े पीआईयू विभाग द्वारा लगभग ढाई करोड रुपए के आसपास खर्च किए जाएंगे।

सामान्य स्थिति में भी उपचार की मिलेगी बेहतर सुविधा- बड़ी बात यह है कि सांवेर विधानसभा के अंतर्गत धरमपुरी गाँव में क्षेत्र के ग्रामीण रहवासी परिवारों को सामान्य उपचार की स्थिति में आवश्यक सुविधाओं के साथ 6 बेड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर सुविधा देने की तैयारी शुरू हो गई है। बताया जा रहा है कि इसी माह के अंत तक निविदा संबंधित प्रक्रिया पूरी होने के बाद बेहद जल्द लगभग ढाई करोड़ की लागत से ग्रामीणों की सुविधा के लिए पीडब्ल्यूडी द्वारा पीएचसी 01 टी टाइप प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य बेहद जल्द इसी साल में शुरू किया जाएगा ताकि लोगों को सामान्य स्वास्थ्य लाभ और इलाज के लिए बड़े अस्पतालों और निजी क्लिनिक में महंगा इलाज नहीं करना पड़ेगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव में नजदीक उप स्वास्थ्य केंद्र खुलने से लोगों को सुविधा होगी।

मेडिकल कॉलेज में प्रस्तावित 3 करोड़ लागत से शुरू हो गया क्लीनिक निर्माण

छात्र-छात्राओं के लिए तीसरी मंजिल पर मिलेगी लायब्रेरी सौगात



इंदौर। एमजीएम मेडिकल कॉलेज के अधीन शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय (डेंटल कॉलेज) में स्नातक और स्नोत्तर छात्र - छात्राओं की प्रेक्टिस के लिए 3करोड़ से ज्यादा की लागत से प्रस्तावित नवीन डेंटल क्लिनिक निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज स्टूडेंट्स की सुविधा के लिए आधुनिक पुस्तकालय लायब्रेरी का नव निर्माण भी किया जाना है। जिसको लेकर विभाग द्वारा पहले चरण में निर्माण की शुरुआत भी ऊपरी मंजिल पर पिछले दिनों हो चुकी है।

यही नहीं इसके अलावा पीजी की हाल में बढ़ी हुईं नई सीटों के हिसाब से भी छात्रों की सुविधा के लिए आने वाले दिनों में विभाग द्वारा करोड़ों रुपयों की लागत से विभागीय प्लानिंग कर एमजीएम प्रबंधन की मांग और सुविधा के हिसाब से कई अन्य काम भी बेहद जल्द शुरू करने की तैयारी है। जिसको लेकर भी अफसरों ने भविष्य की जरूरतों के हिसाब से छात्रों की सुविधा के हिसाब से नए प्रोजेक्ट के लिए भी प्लानिंग के साथ तैयारी शुरू कर दी है।

डाक जीवन बीमा योजना से आम लोगों को मिल रहा फायदा



डॉक्टर, इंजीनियर, सीए,वकील ग्रैजुएट भी ले रहे योजना का लाभ

इंदौर। पोस्ट ऑफिस की डाक जीवन बीमा योजना का फायदा शहरी और ग्रामीण दोनों तरह के लोगों को मिल रहा है। सबसे बड़ी बात यह किस योजना का सबसे बड़ा क्ल्यु यह है कि डाक विभाग की बीमा योजना का शहर के पेशेवर लोग मुख्य रूप से डॉक्टर , वकील, चार्टर्ड अकाउंटेंट, इंजीनियर, पत्रकार, बैंक कर्मचारी और अधिकारी, एमबीए डिग्री धारी किसी भी मान्यता पात्र विश्वविद्यालय के स्नातक ग्रेजुएट डिग्री प्राप्त कर चुके युवा भी अब इस पॉलिसी का लाभ आसानी से उठा सकते है। इसके अलावा अन्य विभिन्न निजी और सूचीबद्ध कंपनियों के कर्मचारी, कामकाजी पेशेवर लोग भी अब इस योजना में शामिल होकर डाक जीवन बीमा का लाभ उठा सकते हैं। यही नहीं कई सीनियर सिटीजन और युवा, महिलाएं पहले से इस डाक योजना का लाभ ले रहे हैं।

ग्रामीण डाक जीवन बीमा का लाभ कौन ले सकता है?

ग्रामीण क्षेत्रों के निवासी: ग्रामीण इलाकों में रहने वाले आम नागरिक। किसान और छोटे व्यवसायी जिसमें ग्रामीण व अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खेती-किसानी करने वाले किसान और छोटे स्तर के कारोबारी शामिल है। अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिक हालिया नियमों के विस्तार के बाद, सक्रिय बैंक खाता रखने वाला कोई भी व्यक्ति, जिसमें असंगठित - अनौपचारिक क्षेत्र के मजदूर शामिल है। इसका लाभ उठा सकते हैं।

मुख्य विशेषताएं:- कवर राशि : पीएलआई के तहत 20,000 से लेकर 50 लाख तक का जीवन बीमा कवर मिलता है।

कर लाभ : आयकर अधिनियम की धारा 80ण के तहत टैक्स छूट की सुविधा मिलती है।

अन्य सुविधाएँ : कम प्रीमियम, आकर्षक बोनस, पॉलिसी पर लोन और सरेंडर की सुविधा उपलब्ध है।

ग्रामीण डाक जीवन बीमा अब और अधिक नागरिकों तक पहुँच रहा है।

पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस क्या है? पीएलआई की पूरी जानकारी आसान भाषा में

डाक जीवन बीमा– हर नई शुरुआत के साथ, सुरक्षा का भरोसा।आपके सपनों की सुरक्षा और अपनों का सुरक्षित भविष्य डाक जीवन बीमा का लाभ ले सकते है।

एमवाय के पास कैंसर हॉस्पिटल की नई बिल्डिंग तैयार, अगले साल मिलेगी सौगात

80 फीसदी से ज्यादा निर्माण कार्य पूरे,इलेक्ट्रिकल और सिविल के हो रहे बचे काम

इंदौर। प्रदेश के सबसे बड़े हॉस्पिटल महाराजा यशवंत राव होल्कर एमवाय अस्पताल परिसर में पीजी पाठ्यक्रम शीट्स वृद्धि एवं अधोसंरचना उन्नत कार्य एवं कैंसर मरीजों के इलाज के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस जी+ फोर मंजिला नवीन इमारत भी वर्तमान में लगभग 80 फ़ीसदी से ज्यादा बनकर तैयार हो गई है। यही नहीं केंसर मरीजों के बेहतर इलाज के लिए सर्व सुविधायुक्त नवीन अस्पताल के लिए बहु मंजिला इमारत का तेजी से निर्माण कार्य चल रहा है जो वर्तमान में 80 फीसदी से ज्यादा पूरा हो चुका है। वहीं अब इलेक्ट्रिकल और अन्य सिविल के कार्य तेजी के साथ पूरे किए जा रहें है।

इसके अलावा एमवाय हॉस्पिटल परिसर में पीजी छात्रों की सुविधा के लिए हॉस्टल बिल्डिंग निर्माण का कार्य भी किया जा रहा है। प्रबंधन का कहना है कि हमारा प्रयास है कि अगले एक से डेढ माह में बेहद जल्द नए साल से पहले बचे कार्य पूरे कर यहां आधुनिक तकनीक से लैस करोड़ों की लागत वाली मशीनें इंस्टॉलेशन कर मरीजों का इलाज नई बिल्डिंग से जल्द शुरू करने की प्लानिंग पर तेजी से काम किया जा रहा है।

लंबे समय से चल रहा है बिल्डिंग निर्माण का कार्य

गौरतलब है कि एमवाय हॉस्पिटल परिसर में कैंसर के इलाज के लिए करोड़ों की लागत से नई आधुनिक सुविधाओं वाली जी प्लस 4 मंजिला नवीन बिल्डिंग निर्माण कार्य पिछले दो साल से भी ज्यादा समय से चल रहा है जो अब अगले दो से तीन माह में जल्द पूरा करवाने की तैयारी है। पहले निर्माण कार्य इसी साल अगस्त माह तक पूरा करवाने की तैयारी थी। यही नहीं नए कैन्सर हॉस्पिटल में स्पेशल इक्स्ट्यूमेंट कैंसर के इलाज के लिए विशेष लीनियर एक्सीलेटर मशीन स्थापित करने के लिए विशेष बंकर भी बनकर तैयार है। यही नहीं नई मशीन अस्पताल पहुंच गई है। वही इस मशीन के शुरू होने से फायदा यह होगा कि यहां आने वाले कैन्सर के गंभीर मरीजों को इलाज के लिए भोपाल या निजी अस्पतालों के भरोसे नहीं रहना पड़ेगा। वहीं अस्पताल प्रबंधन का का प्रयास है कि जल्द इसी साल काम पूरा हो जाए ताकि कैंसर के मरीजों को नए अस्पताल बिल्डिंग में आधुनिक सुविधाओं के साथ पहले से कई गुना बेहतर इलाज मिलना शुरू हो जाए।

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस-एआई एंड मशीन लर्निंग की बाधाएं दूर

तैयारी शुरू, अगले साल काम आरंभ होगा

इंदौर। देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी प्रदेश का पहला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस-एआई एंड मशीन लर्निंग शुरू करने की हर बाधा दूर हो गई है। अब इसका काम अगले साल शुरू हो सकता है। 2 साल में यह पूरा प्रोजेक्ट शुरू हो जाएगा। इस सेंटर में अत्याधुनिक लैब और एआई-मशीन लर्निंग से जुड़े आधुनिक उपकरण व सॉफ्टवेयर रहेंगे। यहां छात्र एआई-मशीन लर्निंग व डेटा साइंस से जुड़े सर्टिफिकेट व डिप्लोमा कोर्स भी कर सकेंगे। बड़ी बात तो यह है कि इसका फायदा हर छात्र को मिलेगा।

क्या होगा, यह जानिए

खंडवा रोड स्थित तक्षशिला परिसर में तैयार हो रहे इस सेंटर पर तीन शेड्यूल में क्लासेस लगेंगी। एक बार में न्यूनतम 50 स्टूडेंट ट्रेनिंग ले सकेंगे। थ्योरी व प्रैक्टिकल क्लासेस होंगी। रिसर्च उपकरणों के लिए एक करोड़ रुपए का बजट तय इसमें जो अलग-अलग क्लासेस लगेंगी, उनमें एक्सपर्ट का गाइडेंस मिलेगा। साथ ही छात्र शाम छह बजे तक लैब का उपयोग कर सकेंगे। इसकी मॉनिटरिंग का जिम्मा भी डीएवीवी के सीनियर प्रोफेसर को सौंपा जाएगा। यूनिवर्सिटी ने प्रारंभिक तौर पर रिसर्च उपकरणों के लिए एक करोड़ रुपए का बजट भी तय कर लिया है। इसे बाद में बढ़ाया जाएगा। छात्रों को सभी सुविधा उपलब्ध करवाई जाएंगी जानकारी के अनुसार इस सेंटर को डीएवीवी अपने बाकी टीचिंग विभागों या सेंटर की तुलना में अलग तरीके से संचालित करेगी। यहां रिसर्च में रुचि रखने वाले चुनिंदा छात्रों को सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। देशभर के संस्थानों से आए एक्सपर्ट 7 से 15 दिन तक ट्रेनिंग देंगे। यूनिवर्सिटी के अनुसार यहां छात्रों को ट्रेनिंग देने के लिए देशभर के टॉप संस्थानों से एआई-मशीन लर्निंग से जुड़े एक्सपर्ट पहुंचेंगे। ये एक्सपर्ट 7 से 15 दिन तक ट्रेनिंग देंगे। हमारी तैयारी है कि हर साल कम से कम 500 युवा तैयार हों। एक्सपर्ट को बुलाने के लिए हम कुछ संस्थानों के साथ एमओयू भी करेंगे। साथ ही आईआईटी, ट्रिपल आईटी जैसे संस्थानों से भी प्रोफेसरों को बुलाएंगे।

किन्हें मिलेगा फायदा

यूटीडी के चुनिंदा छात्रों को मिलेगा लैब में रिसर्च का मौका, कोर्स का विकल्प सभी के लिए खुला रहेगा। यूनिवर्सिटी इस सेंटर पर जो लैब तैयार कर रही है, उसमें रिसर्च के लिए सभी टीचिंग विभागों के चुनिंदा छात्रों को मौका मिलेगा। इसमें स्कूल ऑफ कम्प्यूटर साइंस, आईईटी, स्कूल ऑफ एनर्जी जैसे विभागों को प्राथमिकता दी जाएगी। टीचिंग विभागों के वे छात्र जो रिसर्च में रुचि रखते हैं या जो किसी रिसर्च प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं, उन्हें मौका दिया जाएगा। खासकर एआई व मशीन लर्निंग से जुड़े प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं तो उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। यहां क्वालिटी स्टडी मटेरियल भी छात्रों के लिए उपलब्ध रहेगा।

संपादकीय

हर साल दमघोंटू होती दिल्ली की हवा, फिर भी न सरकार चेती न लोग

हैरानी की बात है कि दिल्ली में दिवाली में पटाखे छोड़ने की वजह से प्रदूषण के गंभीर हो जाने और इसके खमियाजे झेलने के बावजूद लोगों ने इस मामले में घोर लापरवाही बरतने में कोई कमी नहीं की। ठंड की आहट के साथ ही राजधानी दिल्ली में हर साल प्रदूषण की समस्या गहराने लगती है। सरकार की ओर से कई स्तर पर एहतियाती कदम उठाए जाते हैं, दिशा-निर्देश जारी होते हैं। इसके बावजूद शायद ही कभी ऐसा हुआ हो कि इन उपायों से प्रदूषण का स्तर कम करने में कोई मदद मिली हो। इस वर्ष भी पिछले कई दिनों से दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई में बढ़ोतरी की वजह से लगातार चिंता जताई जा रही थी। इसे नियंत्रित करने के लिए सरकार ने सड़क पर वाहनों की संख्या कम करने से लेकर निर्माण कार्यों पर रोक लगाने जैसी तमाम घोषणाएं कीं। उद्देश्य यही था कि इन उपायों के जरिए दिल्ली की हवा में जहर घुलने के स्तर को कुछ कम किया जा सके। मगर तापमान में गिरावट के साथ जैसे-जैसे हवा घनीभूत हो रही थी, प्रदूषण को कम करने के उपाय बेमानी साबित हो रहे थे और एक्यूआई लगातार 'बहुत खराब' की श्रेणी में दर्ज किया जा रहा था। इसी संदर्भ में दिवाली के मौके पर छोड़े जाने वाले पटाखों की वजह से पैदा होने वाले संकट को लेकर चिंता जताई रही थी। अब दिवाली की रात और उसकी अगली सुबह यहां की हवा की जैसी स्थिति सामने आई है, वह किसी को भी परेशान कर देने के लिए काफी है। हैरानी की बात है कि दिल्ली में दिवाली में पटाखे छोड़ने की वजह से प्रदूषण के गंभीर हो जाने और इसके खमियाजे झेलने के बावजूद लोगों ने इस मामले में घोर लापरवाही बरतने में कोई कमी नहीं की। नतीजतन, प्रदूषण की गंभीरता की अनदेखी से उपजे जोखिम की अनदेखी करते हुए बेलगाम तरीके से पटाखे छोड़ने के कारण अगले दिन दिल्ली घनी धूसर धुंध की चादर में ढकी दिखी। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि सुबह-सुबह दिल्ली में सड़क की दृश्यता भी कम हो गई थी और लोगों को आंखों तथा गले में जलन के साथ सांस लेने में भी परेशानी का सामना करना पड़ा। गौरतलब है कि सोमवार को दिल्ली का एक्यूआई 370 दर्ज किया गया, जिसे 'बेहद खराब' श्रेणी में माना जाता है। कई इलाकों में तो एक्यूआई 437 तक पहुंच गया। अगर हालात ऐसे ही बेकाबू रहे, तो यहां प्रदूषण का स्तर बढ़ कर गंभीर श्रेणी में पहुंच सकता है। सवाल है कि हर साल इसी तरह या इससे भी बदतर हालात रहने के बावजूद सरकार और आम लोगों को कोई सबक लेना और एहतियात बरतना जरूरी क्यों नहीं लगता है। जबकि हवा में पीएम 2.5 जैसे प्रदूषक सूक्ष्म तत्त्वों की मौजूदगी से सांस लेने तक में मुश्किल का सामना सभी लोग करते हैं। मगर वह पटाखे चलाना हो या वाहनों का बेलगाम इस्तेमाल, या फिर औद्योगिक इकाइयों और पराली जलाने जैसे प्रदूषण का संकट गहरा करने वाले अन्य कारक, न तो सरकार इन पर लगाम लगाने के लिए कोई ठोस व्यावहारिक कदम उठाती है, न ही आम लोग अपनी ओर से इसमें कोई भागीदारी निभाते हैं। इस बार सुप्रीम कोर्ट ने सिर्फ निर्धारित अवधि के दौरान केवल हरित पटाखे चलाने के निर्देश दिए थे, लेकिन दिवाली की रात दिल्ली में लोगों ने तमाम नियम-कायदों को ताक पर रख कर जिस पैमाने पर पटाखे चलाए, उसका नतीजा वायु गुणवत्ता बेहद खराब होने के रूप में सामने आया। विचित्र है कि हर साल इसके गंभीर खमियाजे के बावजूद इस समस्या पर काबू पाने के सारे प्रयास नाकाम साबित हो रहे हैं।

ब्लाउज सिलवाने को लेकर हुआ बवाल

सिलाई ठीक न होने पर टोका, तो मकान मालिक ने महिला के साथ की धक्का-मुक्की

इंदौर। हीरानगर थाना क्षेत्र के श्याम नगर इलाके में मामूली सी बात पर विवाद इतना बढ़ गया कि एक महिला और मकान मालिक के बीच तीखी झड़प हो गई। महिला ने जब टेलर द्वारा ब्लाउज बिगाड़ने की शिकायत की, तो बीच में आए मकान मालिक ने न सिर्फ बेवजह बहस की, बल्कि गाली-गलौज करते हुए महिला के साथ धक्का-मुक्की भी कर डाली। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी मकान मालिक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, यह घटना श्याम नगर, राधिका सोसाइटी की है। फरियादी सीमा सिंह राजपूत, निवासी राधिका सोसाइटी, श्याम नगर ने पुलिस को बताया कि वे क्षेत्र में ही कपड़े सिलने वाली एक महिला के पास अपना ब्लाउज ठीक करवाने गईं थीं। जब उन्होंने देखा कि टेलर महिला ने उनका ब्लाउज ठीक से नहीं सिला है और उसे पूरी तरह बिगाड़ दिया है, तो वे उसी महिला से अपनी शिकायत पर चर्चा कर रही थीं। इसी दौरान, टेलर महिला का मकान मालिक पुरुषोत्तम भावसार निवासी राधिका सोसाइटी, श्याम नगर अपने घर से नीचे उतरकर उनके पास आ धमका। पुरुषोत्तम ने मामले में दखल देते हुए सीमा से बेवजह बहसबाजी शुरू कर दी। जब सीमा ने उससे कहा कि आप इस बात पर बहस क्यों कर रहे हैं, इससे आपका कोई लेना-देना नहीं है, तो आरोपी भड़क गया। पुरुषोत्तम गालियां देते हुए कहने लगा कि तुम मेरी टेलर किरायेदार से क्यों उल्टा-सीधा बोल रही हो? सीमा द्वारा गालियां देने से मना करने पर आरोपी और आक्रामक हो गया और उनके साथ धक्का-मुक्की करने लगा।

चलती बाइक से रस्सी बम फेंकने से मना करने पर पीटा

इंदौर। एरोड्रम थाना क्षेत्र के छोटा बांगड़दा रोड पर बाबा श्री गार्डन के सामने एक युवक को चलती बाइक से खतरनाक तरीके से रस्सी बम फेंकने पर टोकना भारी पड़ गया। आरोपियों ने रास्ते में रोककर उसके साथ जमकर मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, घायल फरियादी आशीष (पिता प्रकाश जावरे, निवासी कृष्णा वाटिका अपने घर लौट रहे थे, तभी बाइक पर सवार दो लड़के चलती गाड़ी से रास्ते में जलते हुए रस्सी बम फेंक रहे थे। जब आशीष ने उन्हें टोका कि आप लोग ऐसा क्यों कर रहे हो, इससे किसी को चोट लग सकती है, तो दोनों आरोपी भड़क गए। उन्होंने अपनी बाइक रोक ली और आशीष के साथ मारपीट शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपी अभिषेक जाटव निवासी हाईलिंक सिटी, छोटा बांगड़दा रोड और सुमित पिता प्रेमसिंह पाल के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

दुकान में घुसे चोर..खूटी पर टंगे पैंट की जेब से 10 हजार नकद, स्कूटी की चाबी और चश्मा चोरी

इंदौर। ग्वालटोली थाना क्षेत्र मे सरवटे बस स्टैंड क्षेत्र स्थित एक दुकान के भीतर घुसकर अज्ञात चोरों ने हाथ साफ किया। व्यापारी जब दुकान के अंदर अपने काम में व्यस्त थे, तब चोर खूटी पर टंगे पैंट की जेब से दस हजार रुपये नकद, स्कूटी की चाबी और चश्मा चुराकर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

घटना छोटी ग्वालटोली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सरवटे बस स्टैंड स्थित शीतल इंजीनियरिंग दुकान की है। पुलिस के अनुसार, फरियादी शीतल कुमार जैन पिता नरेन्द्र कुमार जैन (69) निवासी मल्हारगंज ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वे रोज की तरह अपनी दुकान पर आए थे। दुकान में पहुँचकर उन्होंने अपने कपड़े बदलकर दुकान की अंदरूनी खूटी पर टांग दिए थे और अपने काम में लग गए थे। इसके बाद शाम करीब 6 बजे जब वे दुकान बंद कर घर जाने के लिए कपड़े पहनने लगे, तो उन्होंने देखा कि खूटी पर टांगा गया पैंट अपनी जगह पर नहीं है या उसमें रखे सामान गायब हैं। जांच करने पर पता चला कि पैंट की जेब में रखे करीब 10,000 रुपये नकद, उनकी एक्टिवा गाड़ी की चाबी और चश्मा कोई अज्ञात चोर चुराकर ले गया है।

गली में हो रहे विवाद के बीच रुके युवक पर हमला

पड़ोसी पिता-पुत्रों ने बाल पकड़कर पीटा, नुकीली वस्तु और डंडे से किया वार

इंदौर। बाणगंगा थाना क्षेत्र के सुखलिया इलाके में आपसी विवाद को देख रहे एक व्यक्ति पर पड़ोसियों ने बेवजह हमला कर दिया। आरोपियों ने युवक के बाल पकड़कर मारपीट की, नुकीली वस्तु से हाथ पर वार किया और बीच-बचाव करने आए उसके दोनों बेटों के साथ भी डंडे व हाथ-मुक्कों से मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, यह घटना सुखलिया गांव सेक्टर डी, सांवेर रोड की है। फरियादी अजय पिता हर्खू यादव, निवासी सुखलिया गांव सेक्टर डी ने पुलिस को बताया कि वे अपनी गाड़ी से गुजर रहे थे, तभी गली में आरोपी टन्नू उर्फ संतोष माली के घर के पास कुछ लोगों का विवाद चल रहा था। वे अपनी गाड़ी साइड में खड़ी करके वहां रुक गए। अजय को वहां खड़े देख आरोपी टन्नू उर्फ संतोष माली अचानक उनके पास आया और बिना किसी बात के उनके बाल पकड़कर मारपीट करने लगा। जब अजय ने उससे पूछा कि तुम मुझे क्यों मार रहे हो, तो वह भड़क गया और गालियां देते हुए किसी नुकीली वस्तु से उनके बाएं हाथ की भुजा पर वार कर दिया, जिससे गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। हंगामे की आवाज सुनकर अजय के दोनों बेटे राज और विश्वास बीच-बचाव करने के लिए दौड़े। आरोप है कि तभी संतोष का बेटा आशू माली वहां डंडा लेकर आ गया और उसने तथा अंतरसिंह माली ने मिलकर अजय और उनके दोनों बेटों राज व विश्वास के साथ डंडे व हाथ-मुक्कों से जमकर मारपीट की। बाणगंगा थाना पुलिस ने घायलों की रिपोर्ट पर आरोपियों टन्नू उर्फ संतोष माली, आशु माली और अंतरसिंह माली के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

बीच-बचाव करने गए युवक पर हमला

इंदौर। भंवरकुआं थाना क्षेत्र में रिंग रोड स्थित प्रतीक्षा वाइन शॉप के पास एक मामूली विवाद में बीच-बचाव करना एक युवक को भारी पड़ गया। मनचले युवकों ने बीच-बचाव करने आए युवक के साथ न केवल मारपीट की, बल्कि बियर की खाली बोतल उसके सिर पर फोड़कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना रिंग रोड पर स्थित प्रतीक्षा वाइन शॉप के पास की है। फरियादी जितेन्द्र पिता कन्हैयालाल धोंधले, निवासी राहुल गांधी नगर ने पुलिस को बताया कि वे रास्ते से गुजर रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि उनके दोस्त नाना पंचोले और संतोष मोहनसिंह के साथ कुछ लोग विवाद कर रहे थे। झगड़ा बढ़ता देख जितेन्द्र मामले को शांत करवाने और बीच-बचाव करने के लिए वहां पहुंचे। जब उन्होंने बीच-बचाव किया, तो विवाद कर रहे युवकों में से एक ने अपना नाम कृष्णा राठौर बताया। कृष्णा ने गुस्से में आकर अपने साथियों आकाश राठौर निवासी द्वारकापुरी और अजय निवासी लक्ष्मी नगर को अपने पास बुला लिया। आरोपियों ने वहां पहुंचते ही जितेन्द्र को गालियां देना शुरू कर दिया और उनके साथ हाथ-मुक्कों से जमकर मारपीट की। इसी दौरान मुख्य आरोपी कृष्णा राठौर ने हाथ में पकड़ी बियर की खाली बोतल उठाकर सीधे जितेन्द्र के सिर पर दे मारी। बोतल के वार से जितेन्द्र के सिर पर गंभीर चोट आई और खून बहने लगा।

कार के पास आग जलाने पर दो पक्षों में मारपीट, डंडे और ईंट से हमला

इंदौर। लसूड़िया थाना क्षेत्र अंतर्गत पॉश कॉलोनी फोनिक्स टाउनशिप में कचरा जलाने की मामूली बात ने तूल पकड़ लिया और दो पक्षों के बीच जमकर खूनी संघर्ष हो गया। इस विवाद में दोनों तरफ से गालियां, मारपीट और सिर पर डंडा-ईंट से हमले किए गए, जिससे एक महिला समेत कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, घटना फोनिक्स टाउनशिप परिसर की है, जहाँ आमने-सामने रहने वाले लोगों के बीच कचरा जलाने को लेकर विवाद शुरू हुआ था। पहले पक्ष से फरियादी मुकेश चौहान ने पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके मोहल्ले में रहने वाले अजय पाराशर और उनके बेटे अक्षय पाराशर उनकी गाड़ी के पास कचरा जला रहे थे। जब मुकेश ने अपनी गाड़ी के पास कचरा जलाने से मना किया, तो आरोपी भड़क गए और गालियां देते हुए बोले कि तेरी औकात क्या है, तेरी गाड़ी में कुछ होगा तो नई गाड़ी लाकर दे देंगे। जब मुकेश ने गाली देने से रोका, तो पिता-पुत्र ने उसके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान अक्षय ने पास ही रखा एक डंडा उठाया और मुकेश के सिर पर जोरदार वार कर दिया। वहीं, दूसरे पक्ष से अजय पाराशर पिता नानूलाल पाराशर ने आरोपी मुकेश चौहान के खिलाफ क्रॉस रिपोर्ट दर्ज कराई है। अजय ने पुलिस को बताया कि वे अपनी दुकान का कचरा दुकान के सामने जला रहे थे, तभी मुकेश चौहान वहां आया और गाली-गलौज करते हुए धमकी देने लगा कि अगर मेरी गाड़ी में कुछ हुआ तो देख लेना। जब अजय ने गाली देने से मना किया, तो मुकेश ने पास पड़ी ईंट उठाकर उनके ऊपर फेंक दी, जो बीच-बचाव कर रही उनकी पत्नी सरला पाराशर के सिर पर जा लगी, जिससे उनके सिर से खून बहने लगा। इसके बाद मुकेश ने अजय और उनके बेटे अक्षय के साथ झूमाझटकी करते हुए अजय के सिर पर भी ईंट से हमला कर दिया।

आज शाम से काम करेगा एमसीएक्स

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कल भी एमसीएक्स पर चांदी करीब 2 हजार रु. चढ़त पर नजर आई थी। आज सुबह से एमसीएक्स मार्केट बंद था। शाम को निर्धारित समय पर यह मार्केट शुरू होगा। दीपावली के बाद अब सोना और चांदी किस करवट जाएगा यह आज शाम के रूख पर पता पड़ेगा।



एक दीपक शहीदों के नाम

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मानव अधिकार एवं न्याय संस्थान द्वारा 'एक दीया शहीदों के नाम' आयोजन रीगल तिराहा पर किया गया। देवास जिले के खातेगांव थाना प्रभारी को दीपक के माध्यम से श्रद्धांजलि दी गई। उक्त जानकारी राहुल निहोरे ने दी।

उषा नगर लक्ष्मी मंदिर पर उल्लू दर्शन के लिए लगी भीड़

इंदौर. सिटी ब्लास्ट। उषा नगर स्थित लक्ष्मी मंदिर पर दीपावली पर देर रात तक श्रद्धालुओं की कतार नजर आई। मां लक्ष्मी के दर्शन के बाद श्रद्धालु उषा नगर मंदिर परिसर के पेड़ों पर झांकते नजर आए। दरअसल यहां उल्लू भी रहते हैं और उल्लू को मां लक्ष्मी का वाहन माना जाता है। इसलिए दीपावली पर उल्लू दर्शन की भी मान्यता है। लक्ष्मी मंदिर से बाहर निकलते ही लोगों की निगाहें पेड़ों पर टिकी रहीं। मुख्य द्वार के समीप स्थित पेड़ पर लोगों को उल्लू के दर्शन भी हुए।

रामद्वारा में लगी रोशनी श्रद्धालुओं ने देखी



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। छत्रीबाग रामद्वारा में दीपोत्सव का आयोजन भी किया गया, रोशनी भी लगाई गई। दीप और विद्युत रोशनी को श्रद्धालुओं ने देखा। संतों की समाधि पर भी दीपक लगाए गए।

छठ महोत्सव के लिए रथ यात्रा निकली



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भोजपुरिया वेलफेयर सोसायटी द्वारा छठ महोत्सव का आयोजन किया जाना है। इस आयोजन को लेकर रथ यात्रा राजवाड़ा से कल निकाली गई। यह डिजिटल रथ 7 दिनों तक भ्रमण करेगा। पदाधिकारियों ने बताया कि 4 दिवसीय छठ पूजा की तैयारियां शुरू कर दी गई है।

निगम की फायर टीम ने 39 आगजनी वाले स्थानों पर किया कार्य

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। दीपावली पर्व पर कई जगह पटाखों के कारण आगजनी की घटनाएं हुई। अग्नि दुर्घटना रोकने के लिए नगर निगम के अग्निशमन विभाग द्वारा विशेष तैयारियां की गई थीं। इसके तहत शहर के विभिन्न फायर स्टेशनों पर अग्निशमन दल, वाहन एवं आवश्यक संसाधनों को अलर्ट मोड पर रखते हुए कर्मचारियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई थी। दीपावली की रात्रि लगभग 8 बजे से आगजनी की सूचनाएं लगातार प्राप्त होना प्रारंभ हुईं। फायर ब्रिगेड की टीमें एवं कर्मचारी पूरी तत्परता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहे। प्राप्त सूचनाओं पर तत्काल अग्निशमन दल एवं संसाधनों को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। नगर निगम की टीमों द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए शहर में कुल 39 स्थानों पर हुई आगजनी की घटनाओं पर सफलतापूर्वक नियंत्रण किया गया।

निगम ने 6 मिस्ट व्हीकल से करवाया जल छिड़काव

दीपावली की रात वायु प्रदूषण से हो रही थी परेशानी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इन्दौर में दीपावली की रात करीब-करीब पूरे शहर और शहर से लगे हुए कुछ ग्रामीण क्षेत्र में आतिशबाजी के कारण जमकर वायु प्रदूषण पसरा। वातावरण में धूल कणों की मात्रा कम करने के लिए निगम द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गईं। नगर निगम ने रात 12 बजे बाद शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर 6 मिस्ट व्हीकल तैनात किए गए। इन वाहनों के माध्यम से सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से उपचारित जल का उपयोग करते हुए मिस्ट स्प्रे किया गया। इससे वातावरण में मौजूद धूल कणों को नियंत्रित करने तथा उनके पुनः हवा में फैलने की संभावना को कम करने में सहायता मिली। इस व्यवस्था के माध्यम से वायु प्रदूषण नियंत्रण के साथ-साथ उपचारित जल के पुनः उपयोग को भी प्रोत्साहित किया गया।



हाईलिंक सिटी में मातृशक्तियों ने की पूजा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। हाईलिंक सिटी में मातृशक्तियों ने गोबर से बने भगवान गोवर्धन की पूजा क़र आरती की और परिवार की खुशहाली की कामना भी की। उक्त जानकारी मीनाक्षी धर्मेन्द्र गेंदर ने दी।



दीपावली के बाद स्नेह मिलन : व्यापारिक रिश्तों में विश्वास और सौहार्द की नई रोशनी

व्यापार केवल लेन-देन का माध्यम नहीं, बल्कि आपसी विश्वास, आत्मीयता और सामाजिक संबंधों को मजबूत करने का भी एक महत्वपूर्ण आधार है-अक्षय जैन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

दीपावली का पर्व गुजर जाने के बाद जब बाजारों की रौनक धीरे-धीरे सामान्य होने लगती है, तब व्यापारिक संगठनों और व्यापारी परिवारों के बीच स्नेह मिलन की परंपरा एक नई ऊर्जा का संचार करती है। यह आयोजन केवल मिठाई बांटने, शुभकामनाएं देने और औपचारिक मुलाकातों तक सीमित नहीं होता, बल्कि वर्षों से चले आ रहे आपसी संबंधों को फिर से जीवंत करने का अवसर बनता है।

व्यापार की दुनिया में प्रतिस्पर्धा स्वाभाविक है। हर व्यापारी अपने कारोबार को आगे बढ़ाने, ग्राहकों का विश्वास जीतने और बाजार में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रयासरत रहता है। कई बार व्यावसायिक व्यस्तताओं, आपसी मतभेदों और प्रतिस्पर्धा के बीच आत्मीय संवाद के लिए समय नहीं मिल पाता। ऐसे में दीपावली के बाद आयोजित स्नेह मिलन रिश्तों पर जमी व्यस्तताओं की धूल हटाकर अपनत्व का एहसास कराते हैं।

परंपराओं का निर्वहन, रिश्तों का सम्मान

भारतीय व्यापारिक संस्कृति की खूबसूरती रही है कि यहां कारोबार के साथ पारिवारिक और सामाजिक संबंधों को भी समान महत्व दिया जाता है। बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद, वरिष्ठ व्यापारियों का मार्गदर्शन, युवा पीढ़ी का उत्साह और नए व्यापारियों का स्वागत, इन सभी का संगम स्नेह मिलन को विशेष बनाता है। एक-दूसरे के प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर शुभकामनाएं देना, परिवारों के साथ मिलना, पुराने अनुभव साझा करना और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करना व्यापारिक समाज की उस संस्कृति को आगे बढ़ाता है, जिसमें संबंधों की कीमत केवल आर्थिक लाभ से नहीं आंकी जाती।

नई पीढ़ी को विरासत से जोड़ने का अवसर

इन आयोजनों का एक महत्वपूर्ण पक्ष युवा पीढ़ी की सहभागिता भी है। व्यापारिक परिवारों के बच्चे जब वरिष्ठ व्यापारियों के साथ बैठते हैं, उनके अनुभव सुनते हैं और सामाजिक परंपराओं को समझते हैं, तब उन्हें यह अहसास होता है कि व्यापार केवल मुनाफे का गणित नहीं, बल्कि प्रतिष्ठा, व्यवहार, विश्वसनीयता और पीढ़ियों से अर्जित सम्मान की विरासत है। आखिरकार, दीपावली पर घरों में जलाए गए दीपक कुछ समय बाद बुझ जाते हैं, लेकिन रिश्तों में विश्वास और व्यवहार में आत्मीयता का दीपक लगातार जलता रहना चाहिए। स्नेह मिलन की सार्थकता भी इसी में है कि दीपावली की मिठास केवल मिठाइयों तक सीमित न रहे, बल्कि व्यापारिक व्यवहार, सामाजिक संबंधों और परस्पर सहयोग में भी बनी रहे। क्योंकि बाजार कारोबार से चलता है, लेकिन व्यापारिक समाज आपसी विश्वास और सौहार्द से मजबूत होता है।

सौहार्द से मजबूत होता है व्यापारिक संगठन

किसी भी बाजार की असली ताकत केवल दुकानों की संख्या, कारोबार का टर्नओवर या ग्राहकों की भीड़ नहीं होती, बल्कि वहां के व्यापारियों के बीच एकजुटता और परस्पर सहयोग भी होती है। जब व्यापारी एक-दूसरे के सुख-दुख में सहभागी बनते हैं, तभी संगठन केवल पदाधिकारियों और बैठकों तक सीमित न रहकर एक परिवार का स्वरूप लेता है। आज बदलते व्यापारिक दौर में ऑनलाइन कारोबार, बढ़ती प्रतिस्पर्धा, ग्राहकों की बदलती पसंद और आर्थिक चुनौतियों के बीच व्यापारियों को सामूहिक चिंतन और सहयोग की पहले से अधिक आवश्यकता है। स्नेह मिलन जैसे आयोजन आपसी संवाद के ऐसे अवसर प्रदान करते हैं, जहां कारोबार की चुनौतियों पर भी सहजता से चर्चा हो सकती है।

फिर साथ में आए पृथ्वी शॉ और आकृति अग्रवाल

मुंबई। भारतीय युवा बल्लेबाज पृथ्वी शॉ और सोशल मीडिया इन्फ्लुएन्सर आकृती अग्रवाल का रिश्ता एक बार फिर से सुर्खियों में आ गया है। हाल ही में पृथ्वी शॉ के जन्मदिन और दीपोत्सव के खास मौके पर आकृती ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक बेहद इमोशनल और प्यार भरा पोस्ट शेयर किया है। ब्रेकअप और पैचअप के लंबे ड्रामे के बाद आई इस पोस्ट ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है और फैंस के बीच दोनों के रिश्ते की नजदीकियों की चर्चा फिर से तेज हो गई है।

पृथ्वी शॉ को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए आकृती ने उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और जीवन में अपार खुशियों की कामना की। उन्होंने पृथ्वी के क्रिकेटिंग टैलेंट और मेहनत की तारीफ करते हुए उन्हें अपनी काबिलियत पर भरोसा बनाए रखने की सलाह दी। आकृती ने लिखा कि पृथ्वी को अभी मैदान पर बहुत दूर तक जाना है, कई नए कीर्तिमान रचने हैं और देश के लिए ढेर



सारे मैच जीतने हैं। उन्होंने वादा किया कि पृथ्वी की हर कामयाबी पर वह हमेशा ऐसे ही तालियां बजाती रहेंगी।

मेरे सबसे पसंदीदा इंसान को जन्मदिन और दिवाली की ढेरों शुभकामनाएं- अपने इस खास पोस्ट के आखिर में आकृती अग्रवाल ने दिल की बात बयां करते हुए लिखा, 'मेरे सबसे पसंदीदा इंसान को जन्मदिन और दिवाली की ढेरों शुभकामनाएं, आई लव यू।' आकृती की इस पोस्ट में जन्मदिन की बधाइयों के साथ-साथ प्यार का यह सरेआम इजहार फैंस का ध्यान खींच रहा है। कठिन समय के बाद एक-दूसरे को सपोर्ट करने का यह अंदाज इंटरनेट पर खूब पसंद किया जा रहा है।

पहले तोड़ दी थी सगाई- पृथ्वी शॉ और आकृती अग्रवाल के रिश्ते में पिछले कुछ महीनों में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिले हैं। दोनों ने 8 मार्च 2026 को सगाई की थी, लेकिन सगाई के महज कुछ महीनों बाद 17 सितंबर 2026 को आकृती ने सगाई टूटने का ऐलान कर सभी को हैरान कर दिया था। उस वक्त इस ब्रेकअप की खबर से दोनों के फैंस काफी निराश हो गए थे और तरह-तरह की अटकलें लगाई जाने लगी थीं।

एसओएम का चुनाव हारीं पीटी उषा

दोबारा भारतीय ओलंपिक संघ का अध्यक्ष बनना मुश्किल

नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा को सोमवार को 'स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ मेरिट' (उत्कृष्ट खिलाड़ी यानी एसओएम) के रूप में चार महिला प्रतिनिधियों में चुने जाने में नाकाम रहने से बड़ा झटका लगा। पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल छह उम्मीदवारों के बीच हुए विवादित चुनाव में बाजी मारने में सफल रहीं। उनके अलावा लंबी कूद की महान खिलाड़ी अंजू बॉबी जॉर्ज, पूर्व तीरंदाज डोला बनर्जी और भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल भी एसओएम चुनी गईं।

चार पुरुष खिलाड़ियों का भी चुने गए– एसओएम के कुल 80 सदस्य (40 पुरुष और 40 महिलाएं) चुनावी प्रक्रिया का हिस्सा हैं। इन्हीं में से चार महिला प्रतिनिधियों का चयन किया जाना था। इससे पहले शनिवार को ओलंपिक पदक विजेता गगन नारंग, विजेंदर सिंह और योगेश्वर दत्त के साथ पूर्व टेबल टेनिस खिलाड़ी कमलेश मेहता चार पुरुष एसओएम के रूप में निर्विरोध चुने गए थे। उनके मुकाबले में खड़े आठ अन्य उम्मीदवारों ने नामांकन वापस ले लिया था।

पीटी उषा अध्यक्ष का चुनाव नहीं लड़ पाएंगी?- पीटी उषा अब पांच दिसंबर को होने वाले आईओए की कार्यकारी परिषद के चुनाव में तभी उम्मीदवार बन सकती हैं जब कोई राष्ट्रीय खेल महासंघ उन्हें आम



सभा के लिए नामित करे। इसकी संभावना हालांकि कम बताई जा रही है। एथलेटिक्स की इस दिग्गज खिलाड़ी को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के दो प्रतिनिधियों में जगह मिलने की भी उम्मीद बेहद कम है।

आईओए के संविधान के मुताबिक अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार का एसओएम या महासभा का सदस्य होना अनिवार्य है। वर्ष 2022 में पीटी उषा एसओएम के रास्ते निर्विरोध निर्वाचित होकर आईओए की पहली महिला अध्यक्ष बनी थीं। निर्वाचित होने वाले आठ एसओएम आईओए की महासभा के सदस्य बन जाएंगे। इसके साथ ही उन्हें पांच दिसंबर को होने वाले नये कार्यकारी परिषद के चुनाव में मतदान करने के साथ-साथ उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने का भी अधिकार मिल जाएगा। इन आठ एसओएम में से दो सदस्यों (एक पुरुष और एक महिला) को आईओए की कार्यकारी परिषद में भी जगह मिलेगी।

जो खिलाड़ी मैच जिताए उसका ही बल्लेबाजी क्रम बदला जा रहा, पूर्व दिग्गज ने उठाए सवाल

नई दिल्ली। भारत और न्यूजीलैंड के बीच वेलिंगटन में खेले गए दूसरे वनडे मुकाबले में भारतीय बल्लेबाजी क्रम को लेकर एक नई बहस छिड़ गई है। मैच के दौरान जब भारतीय टीम 39 रनों पर अपने 3 महत्वपूर्ण विकेट गंवाकर मुश्किल स्थिति में फंसी थी तब ऑलराउंडर अक्षर पटेल को केएल राहुल से पहले नंबर 5 पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया।

अक्षर पटेल को ऊपर भेजने पर बवाल- पिच की उछाल और न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों की शॉर्ट-पिच गेंदों के सामने अक्षर काफी असहज नजर आए और 17 गेंदों पर महज 7 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। उनके आउट होने के बाद छठे नंबर पर मैदान में उतरे केएल राहुल ने विपरीत परिस्थितियों में सहज बल्लेबाजी की जिसके बाद टीम मैनेजमेंट के इस फैसले पर सवाल खड़े होने लगे हैं।

पूर्व चीफ सेलेक्टर और भारत के दिग्गज ओपनिंग बल्लेबाज कृष्णमाचारी श्रीकांत ने गौतम गंभीर की कोचिंग वाली टीम मैनेजमेंट की इस रणनीति की जमकर आलोचना की है। अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए श्रीकांत ने भड़ास निकाली और कहा, 'अक्षर पटेल के बाद राहुल को छठे नंबर पर भेजना कहां का न्याय है? गौतम गंभीर को यह समझने की जरूरत है कि राहुल एक स्थापित और मार्की खिलाड़ी हैं। उन्होंने भारत के लिए नंबर 3 और 4 पर अंतरराष्ट्रीय शतक बनाए हैं। इसके बावजूद उन्हें इस तरह की भूमिका तक सीमित किया जा रहा है, जो उनके साथ सरासर अन्याय है।'

मप्र के अनुज बने भारत के 100वें ग्रैंडमास्टर

नई दिल्ली। भारत को शतरंज में अपना 100वां ग्रैंडमास्टर मिल गया है। मध्य प्रदेश के इंटरनेशनल मास्टर अनुज श्रीवास्तव ने रविवार को फिलीपींस में आयोजित 7वीं आसियान प्लस व्यक्तिगत ओपन शतरंज चैंपियनशिप जीतकर यह उपलब्धि हासिल की। 22 वर्षीय अनुज भारत के 100वें ग्रैंडमास्टर बन गए हैं। फिलीपींस के मिसामिस ऑक्सिडेंटल स्थित असेंसो ग्लोबल यूथ लीडरशिप एंड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित इस टूर्नामेंट में अनुज ने कुल आठ में से सात अंक हासिल किए। उन्होंने प्रतियोगिता का पहला मुकाबला गंवाने के बाद शानदार वापसी की और खिताब अपने नाम किया।

विश्वनाथन आनंद थे भारत के पहले ग्रैंडमास्टर– भारत के दिग्गज शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद देश के पहले ग्रैंडमास्टर बने थे। उन्होंने 1987 में अपना तीसरा ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल किया था और 1988 में आधिकारिक तौर पर यह खिताब अपने नाम किया था।

जिम्बाब्वे ने अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट में बनाया विश्व रिकॉर्ड

शारजाह। अफगानिस्तान और जिम्बाब्वे के बीच शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया टेस्ट सीरीज का पहला मैच ड्रॉ रहा। इस 'हाई-स्कोरिंग' मुकाबले की तीन पारियों में कुल 1,541 रन बने। मैच के अंतिम दिन 41 वर्षीय क्रेग इर्विन ने नाबाद दोहरा शतक जड़ा। शारजाह में टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी जिम्बाब्वे की टीम ने पहली पारी में 504 रन बनाए। दूसरी पारी में टीम ने 5 विकेट पर 523 रन बनाए। जिम्बाब्वे टेस्ट की दोनों पारियों में 500 या उससे ज्यादा रन बनाने वाली पहली टीम बन गई है। पहली पारी में बेन करेन (42) ने इनोसेंट काइया(34) के साथ पहले विकेट के लिए 60 रन, जबकि ब्रेंडन टेलर के साथ दूसरे विकेट के लिए 65 रन जोड़े। इसके बाद कप्तान ब्रायन बेनेट ने मोर्चा संभाला, जिन्होंने ब्रेंडन टेलर के साथ तीसरे विकेट के लिए 137 रन जुटाए। इसके बाद वेस्ली मधेवेरे (54) के साथ छठे विकेट के लिए 96 रन जोड़ते हुए टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचाया।

रायबाकिना ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स से नाम लिया वापस

नई दिल्ली। दुनिया की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी एलेना रायबाकिना ने वायरल बीमारी के कारण 2026 डब्ल्यूटीए फाइनल्स से अपना नाम वापस ले लिया है। इंडियन वेल्स में होने वाले इस टूर्नामेंट में वह डिफेंडिंग चैंपियन के तौर पर उतरने वाली थीं। उनके हटने के बाद मार्टा कोस्त्युक को मुख्य ड्रॉ में जगह मिली है। वह पहले अल्टरनेट खिलाड़ी के तौर पर टूर्नामेंट में शामिल हुई हैं।

रायबाकिना ने सोशल मीडिया के जरिए अपने फैसले की जानकारी दी। उन्होंने इस पर निराशा जताते हुए कहा, मुझे अपने सभी फैंस और समर्थकों को यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि बदकिस्मती से मुझे इस साल डब्ल्यूटीए फाइनल्स से नाम वापस लेना पड़ रहा है।

उन्होंने आगे कहा, मेरा सीजन बहुत अच्छा रहा है, लेकिन मेरा शरीर अभी मुकाबला करने के लिए तैयार नहीं है। मैं घर पर आराम करने और ठीक होने में कुछ समय बिताऊंगी और 2027 सीजन के लिए खुद को तैयार करूंगी। डब्ल्यूटीए फाइनल्स एक बहुत ही खास टूर्नामेंट है और मैं सभी को शुभकामनाएं देती हूं। मार्च में इंडियन वेल्स में वापस आने का इंतजार नहीं कर सकती।

रायबाकिना की जगह कोस्त्युक को मौका

डब्ल्यूटीए की रिपोर्ट के मुताबिक, मार्टा कोस्त्युक ग्रुप-1 में रायबाकिना की जगह लेंगी। वह रविवार को टूर्नामेंट के अपने पहले मुकाबले में लिंडा नोस्कोवा से भिड़ेंगी। इसके बाद राउंड रॉबिन चरण में उनका सामना कोको गॉफ और जेसिका पेगुला से भी होगा।

दिलचस्प बात यह है कि इस सीजन में नोस्कोवा और कोस्त्युक



चौथी बार आमने-सामने होंगी। दोनों खिलाड़ी तीनों तरह के कोर्ट पर एक-दूसरे के खिलाफ खेल चुकी हैं। हार्ड कोर्ट पर उनका एकमात्र मुकाबला यूएस ओपन के चौथे दौर में हुआ था, जहां नोस्कोवा ने 7-5, 5-7, 6-4 से जीत दर्ज की थी।

चार खिताब के साथ शानदार रहा रायबाकिना का सीजन

रायबाकिना के लिए 2026 सीजन बेहद शानदार रहा। उन्होंने 54 जीत और 14 हार के रिकॉर्ड के साथ अपना साल खत्म किया। इस दौरान उन्होंने चार बड़े खिताब जीते। इनमें ऑस्ट्रेलियन ओपन, स्टटगार्ट, यूएस ओपन और निंगबो शामिल हैं। उन्होंने यूएस ओपन में अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के बाद दुनिया की नंबर-1 रैंकिंग भी हासिल की थी। टूर्नामेंट से हटने के बावजूद उन्होंने टोक्यो में पीआईएफ द्वारा पेश की गई डब्ल्यूटीए साल के आखिर की नंबर-1 सिंगल्स रैंकिंग अपने नाम की। रायबाकिना ने 2025 में रियाद में आयोजित डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब जीता था। वह उस संस्करण में आखिरी क्वालीफायर के तौर पर पहुंची थीं और पूरे टूर्नामेंट में अपराजित रही थीं। इस बार भी उनसे खिताब बचाने की उम्मीद थी, लेकिन बीमारी के कारण उन्हें टूर्नामेंट से हटना पड़ा।

चरस तस्करी मामले में लंबे समय से फरार सहआरोपी धराया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

क्राइम ब्रांच ने दो किलो से अधिक चरस तस्करी के पुराने मामले में लंबे समय से फरार चल रहे सह-आरोपी को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी घटना के बाद से ही पुलिस से बचकर छिपता फिर रहा था।

इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार में लिप्त अंतर-जिला तस्करों और उनके पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत क्राइम ब्रांच इंदौर को यह बड़ी कामयाबी मिली है। मामला पिछले साल सितंबर 2025 का है, जब क्राइम ब्रांच की टीम ने पोलोग्राउंड पुल के पास, एमआर 04 रोड पर घेराबंदी कर आरोपी साकिर हुसैन निवासी चंदन नगर को 2.241 किलोग्राम अवैध चरस, जिसकी अनुमानित कीमत 10 लाख रुपये है, के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। उस दौरान आरोपी के खिलाफ थाना अपराध शाखा में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था।



गिरफ्तार आरोपी साकिर हुसैन से ड्रग्स के नेटवर्क के संबंध में पुलिस द्वारा लगातार कड़ाई से पूछताछ और विवेचना की जा रही थी। जांच के दौरान यह महत्वपूर्ण तथ्य सामने आया कि इस अवैध मादक पदार्थ की तस्करी और सप्लाई चेन में चंदन नगर निवासी अजीम उर्फ अज्जू भी मुख्य रूप से शामिल था। घटना के सामने आने के बाद से ही आरोपी अजीम पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए लगातार फरार चल रहा था और छिपकर रह रहा था। क्राइम ब्रांच की विशेष टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, सर्विलांस और अपने मजबूत मुखबिर तंत्र का उपयोग करते हुए आखिरकार फरार चल रहे सह-आरोपी अजीम उर्फ अज्जू को धरदबोचा। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आठवीं तक पढ़े और दीवार पेंटिंग का काम करने वाले आरोपी अजीम के खिलाफ पूर्व से थाना छत्रीपुरा में जुआ एक्ट के तहत भी आपराधिक प्रकरण दर्ज है। क्राइम ब्रांच ने इस मामले में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/29 का इजाफा करते हुए आरोपी अजीम को विधिवत गिरफ्तार कर लिया है और अब उसके अन्य सप्लायरों व नेटवर्क की तलाश की जा रही है।

पटाखे की चिंगारी से बिस्तर में लगी आग से झुलसी 95 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

हीरानगर थाना क्षेत्र के गायत्री नगर में दीपावली की रात एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहाँ दूसरी मंजिल पर सो रही 95 वर्षीय बुजुर्ग महिला के बिस्तर में आग लग गई। इस भीषण हादसे में गंभीर रूप से झुलसी बुजुर्ग महिला ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, यह घटना गायत्री नगर की है, जहाँ 95 वर्षीय बुजुर्ग गुलबाई नरवरे अपने परिवार के साथ रहती थीं। मृतका के बेटे दीपक ने बताया कि वे रात करीब 11 बजे अपने परिजनों के साथ नीचे के कमरे में बैठकर खाना खा रहे थे। इसी दौरान अचानक उन्हें घर में धुआं फैलता हुआ दिखाई दिया। जब वे भागकर ऊपर दूसरी मंजिल पर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि मां गुलबाई के बिस्तर में आग सुलग रही है और वे उसकी चपेट में आ चुकी हैं।?परिजनों ने तुरंत आग पर काबू पाया और झुलसी हुई हालत में गुलबाई को उपचार के लिए तुरंत एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। हालाँकि, डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका और देर रात अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।परिजनों ने बताया कि बुजुर्ग गुलबाई की उम्र बहुत अधिक थी और वे चलने-फिरने में पूरी तरह असमर्थ थीं। वे बोल भी बहुत कम पाती थीं। आग लगने के वक्त वे इतनी घबरा गई थीं कि मदद के लिए उनके मुंह से आवाज तक नहीं निकल पाई। बेटे दीपक का कहना है कि ऊपर वाले कमरे में किसी भी प्रकार की ज्वलनशील वस्तु या अन्य सामान नहीं रखा था। कमरे का दरवाजा खुला हुआ था, जिसके चलते आशंका जताई जा रही है कि बाहर से उड़कर आई किसी आतिशबाजी या पटाखे की चिंगारी से बिस्तर में आग लग गई। फिलहाल, एमवाय अस्पताल से मिली सूचना के आधार पर हीरानगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस इस पूरे घटनाक्रम की हर पहलू से बारीकी से जांच कर रही है कि आखिर किन परिस्थितियों और कारणों के चलते यह भयानक हादसा हुआ।

घर की खिड़की से अंदर फेंका जलता पटाखा धमाके से महिला की आंख में लगी गंभीर चोट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बेटमा थाना क्षेत्र की चौधरी कॉलोनी में मनचले युवकों ने एक घर की खिड़की के रास्ते अंदर जलता हुआ पटाखा फेंक दिया। पटाखा फटने से घर के अंदर मौजूद एक महिला की आंख में गंभीर चोट आ गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, घायल ममता पति श्यामलाल, निवासी चौधरी कॉलोनी, बेटमा के घर के पास आरोपियों द्वारा लगातार आतिशबाजी की जा रही थी, जिसका विरोध किया गया था। इसी रंजिश के चलते आरोपी शिवांग, विजय और महेंद्र ने घर की खिड़की से अंदर जलता हुआ पटाखा फेंक दिया। तेज धमाके के साथ फूटे पटाखे के कारण फरियादिया ममता की आंख में गहरी चोट आई। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

तालाब में मछली पकड़ने को लेकर हुआ विवाद

इंदौर। बाणगंगा थाना क्षेत्र के ग्राम अलवासा तालाब पर मछली पकड़ने के अधिकार को लेकर दो पक्षों में जमकर विवाद हो गया। तालाब में अवैध रूप से मछली पकड़ रहे लोगों को जब स्थानीय व्यक्ति ने रोका, तो बात इतनी बढ़ गई कि आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और गाली-गलौज की। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना ग्राम अलवासा तालाब के पास की है। फरियादी बाबुलाल पिता अम्बाराम गोड, निवासी ग्राम अलवासा ने पुलिस को बताया कि वे तालाब के पास मौजूद थे, तभी उन्हें कुछ लोग तालाब में मछली पकड़ते हुए दिखाई दिए। जब बाबुलाल ने उनके पास जाकर पूछा कि 'तुम यहाँ मछली क्यों पकड़ रहे हो, यह तो हमारी मछली है? इस पर मछली पकड़ रहे लोगों ने जवाब दिया कि उन्हें राकेश नामक व्यक्ति ने मछली पकड़ने के लिए कहा है। इसके बाद बाबुलाल ने मोबाइल फोन पर राकेश से संपर्क कर बात की, लेकिन राकेश फोन पर ही उनसे विवाद करने लगा और धमकाने लगा। मामला यहीं शांत नहीं हुआ, बल्कि कुछ ही देर बाद राकेश का बेटा हेमंत अपने साथियों महेश और अमन सभी निवासी ग्राम रेवती रेंज के साथ तालाब पर आ धमका। हेमंत वहाँ पहुँचते ही मछली पकड़ने की बात को लेकर गालियां देने लगा। जब बाबुलाल ने उसे गाली देने से मना किया, तो हेमंत ने उनके साथ हाथ-मुक्कों से जमकर मारपीट की।

साढ़े पांच लाख की एमडी ड्रग्स के साथ रतलाम के दो तस्कर गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर में अवैध नशे के कारोबार पर नकेल कसने के लिए क्राइम ब्रांच ने एक और बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। सुपर कॉरिडोर क्षेत्र से पुलिस ने रतलाम के रहने वाले दो ड्रग्स तस्करों को रंगे हाथों दबोचा है। आरोपियों के पास से 55.61 ग्राम एमडी ड्रग्स और एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल जब्त की गई है, जिसकी कुल कीमत 6 लाख रुपये से अधिक है। पुलिस अब इनके पूरे सप्लाई नेटवर्क को खंगालने में जुटी है।

क्राइम ब्रांच की टीम सुपर कॉरिडोर क्षेत्र में गश्त और चेकिंग पर निकली हुई थी। जब पुलिस टीम सुपर कॉरिडोर सर्विस रोड पर पिलर नंबर इ-213 के पास पहुँची, तो वहाँ सड़क किनारे एक बिना नंबर की सफेद हीरो पैशन प्रो मोटरसाइकिल पर दो संदिग्ध व्यक्ति बैठे नजर आए। पुलिस दल को पास आते देख दोनों हड़बड़ाकर भागने की कोशिश करने लगे, जिस पर सतर्क टीम ने त्वरित घेराबंदी कर दोनों को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान आमीन



मंसूरी निवासी अशोक नगर, थाना माणक चौक, रतलाम और समीर कुरैशी निवासी थाना स्टेशन रोड, रतलाम के रूप में हुई है। संदेह होने पर जब उनकी मोटर साइकिल की सघन तलाशी ली गई, तो गाड़ी के बायीं तरफ टंगे बैग के अंदर से 55.61 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत साढ़े पाँच लाख रुपये है। पुलिस रिकॉर्ड खंगालने पर सामने आया कि आरोपी आमीन मंसूरी और समीर कुरैशी के खिलाफ रतलाम के थानों में पूर्व से ही मारपीट, अड़ीबाजी और बलवे जैसे गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। क्राइम ब्रांच इंदौर ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना अपराध शाखा में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। जब्त किए गए कुल 5.50 लाख की एमडी ड्रग्स और 50 हजार की मोटरसाइकिल मिलाकर कुल 6 लाख रुपये की संपत्ति शामिल है। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वे यह ड्रग्स रतलाम से किस मुख्य तस्कर से लेकर आए थे और इंदौर में किसे डिलीवर करने वाले थे।

आड़ा बाजार में लगी आग से मचा हड़कंप

आतिशबाजी की चिंगारी से मल्टी और कचरे में सुलग उठी आग, दो घंटे की मशक्कत से पाया काबू

इंदौर। राजवाड़ा के समीप आड़ा बाजार क्षेत्र में आज सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक मल्टी की छत और पीछे पड़े कचरे के ढेर में अचानक भीषण आग भड़क उठी। शुरुआती आशंका जताई जा रही है कि सुबह सड़क पर की गई आतिशबाजी की उड़ी चिंगारी से यह हादसा हुआ। गनीमत यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड को करीब 16 हजार लीटर पानी का उपयोग करना पड़ा।

घटना सुबह करीब 6:30 बजे राजबाड़ा क्षेत्र स्थित आड़ा बाजार की है। यहाँ आदिश्वर बैंगल्स दुकान वाली मल्टी की छत पर अचानक आग लग गई, जिससे चारों तरफ धुआं फैल गया। इसी दौरान मल्टी के पीछे पड़े कचरे के ढेर में भी भीषण आग भड़क उठी। अचानक हुई इस घटना से आसपास के रहवासियों और दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गई और डरे-सहमे लोग तुरंत अपने घरों से सुरक्षित बाहर निकल आए। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन से दमकल की गाड़ियां तत्काल मौके पर रवाना हुईं। दमकल कर्मियों ने स्थानीय नागरिकों की मदद से मोर्चा संभाला और करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। आग बुझाने के लिए लगभग 16 हजार लीटर पानी का इस्तेमाल करना पड़ा।

सम्पादक : महेश मूंगड़ा। स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन, 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। RNI NO. MPHIN/2005/15582 फोन : 98273-69587 ई-मेल : cityblastindore@gmail.com